३४ चन्द लफ़्ज़ जिनके आख़िर में f की आवाज़ निकलती है ख़ासकर वे जिनके आख़िर में oof, eef, ief, ff, या rf होता है उनकी जमा सिर्फ़† s के जोड़ देने से बनती है जैसे—

वाहिद		जमा	
Hoof	=खुर	Hoofs	=खुर
Proof	=सबूत, सुबूत	Proofs	=सबूत
Roof	=छत	Roofs	=छतें
Reproof	= { मलामत, चश्म-नुमाई, झिड़की	Reproofs	=झिड़कियां
Reef	= { समुन्दर में चटान का सिलसिला	Reefs	= { समुन्दर में चटानों के सिलसिले
Chief	=सरदार	Chiefs	=सरदार
Grief	=रंज, ग़म	Griefs	=रंज
Handkerchief	=रूमाल	Handkerchiefs	=रूमाल
Muff	=दस्ताना	Muffs	=दस्ताने
Dwarf	=बावना, बौना	Dwarfs	=बौने
Turf	=चकत्ता	Turfs	=चकत्ते
Wharf	=घाट	Wharfs	=घाट
Fife	=बांसुरी	Fifes	=बांसुरियां
Gulf	=खलीज, खाड़ी	Gulfs	=खलीज

---

३५ सातवीं लुग़त

बड़े लाट साहिब बहादुर	= Governor-General.	क़ुतुबख़ाना किताबख़ाना	= Library.
मशवरत की मजलिस्	= Council.	अजाइबख़ाना	= Museum.
हिसाब, लिहाज्	= Account.	बलिहाज़, बसबब, बवजह्	= On account

मश्र०

† छठवां सबक़, दफ़ा २८ और ३० देखो ॥

सलाहकार, मशीर = Counsellor.

शाही क़ायम मक़ाम, बादशाह का नाइब = Viceroy.

सलाह, मशवरत = Counsel.

दीवान्ख़ाना = Hall.

बग़ल, किनारा = Side.

मरम्मत = Repair.

ज़र् = Money.

वक़्त = Time.

इल्म = Knowledge.

युरोप = Europe.

क़द्द = Size.

अक़्ल् = Wisdom.

मुतवत्तिन् = Native.

जाड़े का मौसिम्, जाड़ा = Winter.

सफ़र = Journey.

बकरा, बकरी = Goat.

जहाज़ = Ship.

सुभीता = Convenience.

समुंदर = Sea.

मील † = Mile.

ईंधन = Fuel.

समूर = Fur.

क़ानूनसाज़, आइन बनाने वाला = Legislative.

चूना, चूनेवाला = Leaky.

चालाक = Active.

मिहनती = Industrious, diligent.

मुतवज्जिह = Attentive.

नाटा = Short

शिमाली = Northern, north.

कश्मीरी = Cashmere, Kashmír.

यकसां = Alike.

समूचा = Entire, undivided.

फटा = Cloven, divided.

भी = Even.

सिर्फ़ = Simply, only.

वेशक, लाकलाम, हक़ीक़त में = Certainly, undoutedly, to be sure

दूर, दूरतक = Away, far, far away.

अक्सर = Generally, often.

दरख़ास्त करना, अर्ज़ करना = To beg, to request.

डरना = To fear.

शाही क़ाइम मक़ाम = राजप्रतिनिधि, जो राजा की जगह में हो सो। क़द = डौल, लंबाई चौड़ाई। मुतवत्तिन् = देशवासी। † मील = आध कोस। शिमाली = उत्तर का॥

मौकूफ़ करना, उठा देना = To abolish.
नामंजूर करना = To reject.
चूना, टपकना = To leak.
बाज़ रहना = To keep away.
ज़ाया करना = To waste.
बोझना = To load, to lade.
चला जाना = To go, to extend.
निकलना = To protrude.
क़दर करना = To value, to appreciate.
मुनहसिर होना, मौकूफ़ होना = To depend.
इस्तिअ़माल करना = To use.
बजाना = To play on.
उठाना, बनाना = To raise, to build (बिल्ड), to erect.
गिर पड़ना = To fall down.
सुखाना = To dry.

---

३६ नज़ीरी जुम्ले

a. It is of great use to me
या
It is very useful to me. } = यह मेरे बड़े काम का है ।

b. It is of no use to me
या
It is not at all useful to me. } = यह मेरे किसी काम का नहीं है

c. Kallū came here and took away my books
या
Kallū coming here took away my books. } = कल्लू यहां आकर मेरी किताबें उठा ले गया ।

d. The shawls of Amritsar are not so good as those of Kashmír. } = अमृतसर के दुशाले वैसे अच्छे नहीं होते जैसे कश्मीर के ।

सातवीं मश्क़

३७ I hear two or three Indian Chiefs sit in the Legislative Council. Yes. Then why do these chiefs not beg the Governor-General to abolish the income-tax, for they know the griefs of all on account of this tax? But what proofs have you that the chiefs do not beg the Viceroy(m) to abolish the tax? I have no proofs; I only think that they fear reproofs from the Governor-General, therefore they say nothing. The Governor-General never gives reproofs to

---

ज़ाया करना = गवांना ।
(m) Governor-General इन दिनों में Viceroy भी है ।
इस्तिअ़माल करना = काम में लाना ।

his counsellors. Does not the Governor-General give reproofs to his counsellors, even when their counsel is bad? No, he simply rejects bad counsel. I see the roofs of your library and museum leak. Not only do(*s*) the roofs of our library and museum leak, but the roof of the hall also is leaky. Only the roofs of the side rooms are strong and do not leak. I think the repairs of the leaky roofs require much money every year. Certainly.

इस मुल्क के सर्दार उतने चालाक और मिहनती नहीं होते जितने युरोप् के† होते हैं। युरोप् के सर्दार अपना वक़्त हरगिज़ ज़ाया नहीं करते और हिन्द के सर्दार वक़्त की क़दर नहीं करते। हिन्द के सर्दार इ़ल्म की तरफ़ मुख़ातिब होते हैं या नहीं। बहुत कम। युरोप् के सर्दार इ़ल्म के ग्राहक होते हैं। मुझको ये बौने दरकार नहीं हैं वे मेरे किसी काम के नहीं हैं क्योंकि वे बहुत छोटे हैं। सचमुच वे क़द में बहुत नाटे हैं लेकिन बअ़ज़ बौने अक़ल में बड़े होते हैं। अक़ल क़द पर मौक़ूफ़ नहीं। शिमाली मुल्कों के मुतवत्तिन् अकसर बौने होते हैं। मेरे पड़ोस में दो बौने रहते हैं उनके पास उम्दा रूमाल हैं। क्या(*s*) वे अपने रूमाल बेचा चाहते हैं। नहीं, उनके रूमाल उनको बहुत पसन्द हैं। कश्मीरी रूमाल बहुत उमदा होते हैं। वे बहुत महंगे भी(*n*) होते हैं और सिर्फ़ जाड़े के लिये अच्छे होते हैं। हम नहीं जानते कि ख़लीज कितने बड़े होते हैं। हिन्द में दो ख़लीज हैं उनको जाकर देखो। सफ़र के लिये मेरे पास कुछ ज़र नहीं है। किन जानवरों के खुर होते हैं। मैं देखता हूं कि(*s*) घोड़ों गइयों बकरों और भैंसों के खुर होते हैं। क्या(*s*) इन सब जानवरों के खुर यकसां होते हैं। नहीं, घोड़ों के खुर समूचे होते हैं और दूसरे जानवरों के खुर फटे होते हैं। जहाज़ों के बोझने के सुभीते के लिये घाट ऊंचे होते हैं और पानी में दूर तक चले जाते हैं। घाट पानी में कितनी दूर तक निकले रहते हैं। बअ़ज़े घाट समुन्दर में क़रीब एक मील के चले जाते हैं। वह चकत्तों की दीवार उठाती है। क्या(*s*) चकत्तों की दीवार मज़बूत हो-

---

(*n*)यहां do के मअ़नी कुछ नहीं हैं इसको तर्जुमे में छोड़ दो।

† युरोप् के=युरोप् के सरदार, इसी सबक़ में दफ़ा २६ मज़ीरी जुम्ला *d* देखो। (*s*)इसको तर्जुमे में छोड़ दो। (*n*)भी=also।

ती है। नहीं, चकत्तों की दीवार मज़बूत नहीं होती, चार पांच बरस में गिर पड़ती है। सीइन चकत्तों को सुखाकर ईंधन के मानिंद उनका इस्तिअ़माल करता है। वह दस्ताने बनाती है। वह किसके लिये दस्ताने बनाती है। अपनी बेटियों के लिये। वह किस चीज़ के दस्ताने बनाती है। समूर के। उनके पास के रूमाल हैं। उनके पास दस रूमाल हैं। वे बांसुरियों के बड़े ग्राहक हैं। तुम क्योंकर जानते हो कि वे बांसुरियों के बड़े ग्राहक हैं। मैं देखता हूं कि उनके पास पचास बांसुरी हैं। क्या(s) वे सब बांसुरियों को बजाते हैं। नहीं। समुन्दर में चट्टानों के सिलसिले कितने लंबे और चौड़े होते हैं। कभी कभी समुन्दर में चट्टानों के सिलसिले चार सौ या पांच सौ मील लंबे और पचास या साठ मील चौड़े होते हैं॥

आठवां सबक़

३८ चंद लफ़्ज़ जिनके आख़िर में Consonant के बअ़द o या oo रहता है उनकी जमा सिरफ़ *s* के जोड़ देने से बनती है जैसे—

वाहिद		जमा	
Canto	= नज़्म का बाब	Cantos	= बाब
Folio †	= एक एक ताव के दो दो वरक़ की बनी हुई किताब	Folios	= एक एक ताव के दो दो वरक़ की बनी हुई किताबें
Grotto	= गुफा	Grottos	= गुफायें
Octavo	= एक एक ताव के आठ आठ वरक़ की बनी हुई किताब	Octavos	= एक एक ताव के आठ आठ वरक़ की बनी हुई किताबें
Portico	= दिहलीज़, पेशगाह	Porticos	= दिहलीज़ें
Quarto	= एक एक ताव के चार चार वरक़ की बनी हुई किताब	Quartos	= एक एक ताव के चार चार वरक़ की बनी हुई किताबें
Tyro	= नौआमोज़, मुबतदी। नौसिख	Tyros	= नौआमोज़, मुबतदी, नौसिख
Bamboo	= बांस	Bamboos	= बांस

(s) इसको तर्जुमे में छोड़ दो। नज़्म का बाब = काव्य का कांड। Canto = सर्ग॥ † देखो यह लफ़्ज़ ऊपर के क़ाइदे के मुताबिक़ नहीं है॥

३९ आठवीं लुग़त

पहाड़	= Mountain.	चीज़	= Thing.
भूल	= Mistake, blunder, error.	मश्क़	= Practice, exercise.
इबादत	= Devotion.	नमाज़	= Prayer.
हर्ज, ख़लल	= Interruption.	शोर	= Noise.
सुकूत, सुनसान	= Quiet.	तख़्ता	= Plank.

ठंढा	= Cool.	मुशकिल	= Difficult.
कामिल, पूरा	= Perfect.	मुनासिब, मुअ़फ़िक़	= Convenient, proper, suitable.
ग़ैर क़ुदरती, तरकीबी	= Artificial(*h*).	आबाद	= Inhabited.
		क़ुदरती	= Natural.

काम आना = To come into use, to be of use.
बनते हैं = Are built (बिल्ट). बोलना = To speak.

---

४० नज़ीरी जुमले

a.	I will go	= मैं जाऊंगा।
b.	Thou wilt go	= तू जायगा।
c.	I can go	= मैं जा सक्ता हूं।
d.	Thou canst go	= तू जा सक्ता है।
e.	Sohan's book is here	= सोहन की किताब यहां है।
f.	Mohan's first offence was serious, but his second offence was not serious	= मोहन का पहला जुर्म भारी था लेकिन उसका दूसरा जुर्म भारी न था।
g.	My brother is in the second class	= मेरा भाई दूसरे दर्जे में है।

इबादत = तप, जप, पूजा। नमाज़ = ईश्वरप्रार्थना। [h] cial = शल्। क़ुदरती = स्वभावसिद्ध, स्वाभाविक। तरकीबी = कृत्रिम, मनुष्य के हाथ से बना हुआ॥

h. It is made = वह बनता है या वह बना है ।
i. They are made = वे बनते हैं या वे बने हैं।

४१ Sohan's(*m*) में जो 's है उसका खूब ख़याल रक्खो ।
First(*n*), *Second*, *Third* वग़ैरह जो लफ़्ज़ हैं उन में से पहिले अगर *my, thy, his, her, its, our, your, their* या ऐसा लफ़्ज़ जैसे Mohan's Gopal's वग़ैरह कोई न हो तो *the* का होना ज़रूर है जहां किसी ख़ास सिलसिले की मुराद होती है । *f* और *g* को देखो ॥

आठवीं मश्क़

४२ How many cantos are there in the Bhaṭṭi-kávya ? The Bhaṭṭi-kávya is in 22 cantos. Do you know all the 22 cantos ? No, I do not know them all ; I know only 12 cantos. I suppose you know some cantos of Kálidása's Raghuvanśa ? Yes, I know the first 10 cantos of the Raghuvanśa. Kallú knows the 6th and 7th cantos of the Raghuvanśa very well. The 3rd and 9th cantos are difficult. I do not see many folios in your library. No, I have only 4 or 5 folios, but I have many octavos and quartos. I do not like folios. Why do you not like folios ? Because they are very large. Quartos too are large. They are not so large as folios. Octavos are of a convenient size. Yes. Munis and Rishis live in grottos. Why do they live in grottos ? Because grottos are suitable places for devotion. I think towns and cities are as good for prayer as grottos are. No, there are great interruptions in inhabited places on account of noise ; but there is perfect quiet in and around grottos, therefore there is no interruption in them. Grottos are very cool. Are grottos natural or artificial ? Some grottos are natural, and others(*q*) are artificial.

मैं गुफायें देखा चाहता हूं वे कहां हैं । गुफायें पहाड़ों में होती हैं। हमारी गुफों में अपनी सब चीज़ें रक्खो । वे नौआमोज़ हैं इस लिये बहुत बातें नहीं जानते। नौआमोज़ बोलने और लिखने में बहुत भूल करते हैं । हां, लेकिन मश्क़ से वे भूल न करेंगे। तुम लोग भी एक वक़्त मुबतदी थे लेकिन अब बख़ूबी बोल सकते हो(*r*) और लिख सकते हो(*s*)

(*m*) दफ़ा ४०, नज़ीरी जुमला *e* देखो । (*n*) दफ़ा ४०, नज़ीरी जुमले *f* और *g* देखो । (*q*) some के मुक़ाबले में others यहां = बअ़ज़े । (*r*) अंगरेज़ी में you ज़रूर लिखा जायगा। (*s*) सकते हो जो दूसरी बेर आया है उसको तर्जुमे में छोड़ दो ॥

तुम्हारे पास दस बांस थे लेकिन अब सिर्फ़ चार हैं। तुमको बांस चाहिये या तख़्ते। मुझको बांस दरकार नहीं हैं। बांस किस काम आते हैं। बांस बड़े काम के होते हैं। बंगाले में मकान अकसर बांसों के बनते हैं

नवां सबक़

४३

वाहिद		जमा	
Child	= बालक	Child*ren*	= बालक
Man	= आदमी	M*en*	= आदमी
Ox	= बैल	Ox*en*	= बैल
Woman	= औरत	Wom*en*	= औरतें

---

४४ जो लफ़्ज़ man के जोड़ देने से बने हैं उनकी जमा m*en* से बनती है जैसे—

वाहिद		जमा	
Horseman	= सवार	Horsem*en*	= सवार
Workman	= कारीगर, दस्तकार	Workm*en*	= दस्तकार
Huntsman	= शिकारी	Huntsm*en*	= शिकारी
Englishman	= अंगरेज़	Englishm*en*	= अंगरेज़
Frenchman	= फ़रासीसी	Frenchm*en*	= फ़रासीसी

लेकिन जो लफ़्ज़ man के जोड़ देने से नहीं बने पर man उनका असली जुज़ है उनकी जमा सिर्फ़ *s* के जोड़ने से बनती है जैसे—

Norman	= अहल नारमंडी	Norman*s*	= नारमंडी के लोग
German	= अहल जर्मनी	German*s*	= जर्मनी के लोग
Roman	= अहल रोम	Roman*s*	= अहालियान रोम
Musalman	= मुसलमान	Musalman*s*	= मुसलमान
Turkoman	= तुर्क	Turkoman*s*	= तुर्क
Talisman	= तिलिस्म	Talisman*s*	= तिलिस्मात

जुज़ = अवयव, भाग। अहल = जन, व्यक्ति। तिलिस्म = कवच, यंत्र।

5

४५ वाहिद		जमा	
Foot	= पैर, बारह तसू का एक माप	Feet	= पैर
Goose	= हंस	Geese	= हंस
Mouse	= चूहा	Mice	= चूहे
Tooth	= दांत	Teeth	= दांत

---

४६ Brother = भाई — Brothers = सगे भाई

Brethren = { भाई वंद, भाई बिरादर, हमपेशा, एकही पेशे के

Die	= पासा	Dice	= पासे
Die	= ठप्पा	Dies	= ठप्पे

Penny = { अढ़ाई पैसे के क़रीब — Pence[m]
एक अंगरेज़ी सिक्का — Pennies[n]

Cloth = कपड़ा — Clothes[v] = { पहिरने के कपड़े, पहिने के तैयार कपड़े
Cloths = कपड़े जो कोरे हों

---

४७ नवीं लुग़त

उस्ताद	= Tutor.	जेब	= Pocket.
अहमक़, कौदन	= Dunce.	हर, हल	= Plough (प्लाउ)
ज़रर, ज़ियान, नुक़सान	= Harm.	पेशा, फ़िर्क़ा	= Profession.
		टकसाल	= Mint.
पिंजड़ा	= Cage.	सिक्का	= Coin.
पर	= Feather.	दियानतदारी, ईमानदारी	= Honesty.
चारा, इलाज	= Help.		
कोई नहीं	= No body, no one.	आज़ादगी, आज़ादी	= Liberty

---

[m] इस से क़ीमत की मुराद होती है। [n] इस से ख़ास सिक्कों की मुराद होती है। [v] अकसर th का तलफ़्फ़ुज़ नहीं होता। आज़ादी = स्वतंत्रता।

खुल्क़, तकरीम-तवाज़ु = Civility.
सादगी, सिधाई = Simplicity.
अतवार, राह ओ रस्म, चाल ढाल, चाल चलन = Manners.
अक़्ल, जौहर = Talent.
इल्म मूसीक़ी = Music.

शतरंज = Chess. (चेस)
सवार = Horseman.
चरागाह = Meadow(मेडो).
कीचड़ = Mud.
अंदेशा = Fear.
मूसदान, मूसदानी = Mousetrap
सिक्कागर, टकसालिया = Coiner.

शहद = Honey(हनी).
ज़बान, जीभ = Tongue(टंग).
ज़बान, भाषा = Language.
ईसाई = Christian(*w*).
गली, रास्ता = Street.
सूखी घास = Hay, dry grass.
मंजन = Tooth-powder.

संस्कृतदां = Sanskritist.
फ़ाज़िल = Scholar.
संस्कृतमें फ़ाज़िल = Sanskrit scholar.
अरबी = Arabic.
फ़ारसी = Persian
फ़रोख़्त, बिक्री = Sale.

नाफ़रमांबरदार, सरकश, हट्ठी = Disobedient.
बेशुमार = Innumerable.
ख़ामा, ख़ूब, बेशक़ीमत = Valuable.
सुस्त = Lazy, idle.
ज़ियांकार, मुज़िर = Mischievous(*n*)
साफ़ = Clean.
आम = Common.
नामुनासिब, बेजा = Improper.

मुख़्तलिफ़, जुदा जुदा = Different.
मशहूर = Noted, celebrated.
ईमानदार = Honest, upright.
मिहर्बान = Kind.
ख़लीक़, ख़ुश-अख़लाक़ = Polite.
झिल्लीसेजुटाहुआ = Webbed.

खुल्क़ = सभ्यता ; तकरीम तवाज़ु = शिष्टता ।
(w) ch = k या क । चरागाह = चरने की जगह । अंदेशा = भय, डर । नाफ़रमांबरदार = न माननेवाला । (n) o का तलफ़्फ़ुज़ नहीं होता । आम = सामान्य ॥ ख़लीक़ = शिष्टाचारी, सुशील ।

भूखा	= Hungry.	ताज़ा, मोटा	= Fat.
ख़ासकर	= Chiefly, principally.		
मानना	= To obey.	प्यार करना, चाहना	= To love.
क़ैद करना, बंद करना	= To confine.	मअ़लूम होना	= To seem.
पकड़ना	= To catch (क्याच्).	खेलना	= To play.
अदा करना, तलब देना, क़ीमत देना	= To pay.	पहिरना, पहिन्ना	= To put on, to wear.
साफ़ करना	= To clean.	झाड़ना	= To brush.
खींचना	= To draw.	जमना	= To grow.
क़ियास करना, ख़याल करना,	= To suppose.	नज़र आना	= To appear.
		रोना	= To cry, to weep
सर्फ़ करना, गुज़ारना, काटना, ख़र्च करना	= To spend.	छूना	= To touch (टच्)
		चरना, चराना	= To graze.
		दुहना	= To milk.
तास उलट पलट करना, तास बेतर्तीब करना	= To shuffle.	पड़ना	= To lie.
		पड़ा हुआ	= Lying.
खड़खड़ाना	= To rattle.	निकाल लेना, उखाड़ लेना	= To extract.
फेंकना	= To throw(g).	ख़ुश होना, ख़ुश करना	= To please.

---

४८ **नज़ीरी जुम्ले**

a. You should not do this
या
You ought not to do this } = तुमको यह करना न चाहिये

b. Do it in this way
या
Do it thus } = उसे इस तौर से करो

(g) w का तलफ़्फ़ुज़ नहीं होता ॥

c. Do it in a proper way =उसे मुनासिब तौर से करो

d. Please, let him go there
या
Let him go there, if you please } = अगर आप की मरज़ी हो तो उसे वहां जाने दीजिये

e. He feels hungry =उसको भूख लगी है

f. Sohan is writing a letter =सोहन एक ख़त लिख रहा है

नवीं मश्क़ ।

४९ Child*ren*, obey your teachers. If child*ren* do not obey their tutors, they cannot learn much. Many men are dunces, because they were disobedient to their teachers, when they were child*ren*. Whenever there is a *Melá* in Benares, innumerable wom*en*, child*ren*, and m*en* go to see it. Not only in Benares but in every city I think wom*en*, m*en*, and child*ren* are fond of seeing *Melás*. Wom*en* should not go out of their houses. Why not ? There is no harm if wom*en* go out in a proper way. We should not confine wom*en* in houses, as we keep birds in cages. How long and how broad is your room ? My room is 20 *feet* long, and 16 *feet* broad. It is a large room. No, it is not large ; my teacher's room is about 50 *feet* long, and 40 *feet* wide. You have many g*ee*se, are they useful ? Yes, g*ee*se have valuable feathers. Of what use are the feathers of g*ee*se ? Beds are made of them. Does your cat catch m*i*ce ? No, it does not catch m*i*ce ; it is very lazy. Are not the m*i*ce in your house mischievous ? Yes, they are, but there is no help for it. Your t*ee*th are not clean. You should always clean your t*ee*th. No body will like you, if your t*ee*th are dirty. In some countries ox*en* draw ploughs. Do not ox*en* draw ploughs in all countries ? No, in Europe horses generally draw ploughs. M*en* of the same profession are brethr*en*. I suppose all m*en* are brethr*en*, because they are childr*en* of the same common father. How many brother*s* have you ? I have five brother*s* and three sisters. Kallú does not use his time well, he spends it all in shuffling cards and throwing di*ce*. Is di*ce*-playing improper ? Certainly, boys ought to read their books, and not rattle the di*ce*-box. There are many di*es* in a mint. Are di*es* in all mints the same ? How can di*es* in all countries be the same ? As coins are different in different countries, so are di*es* also different. Your slate is very large and good, how much had you to pay for it ? I had to pay six pen*ce* for it. What have you in your pocket ? I have three or four old penn*ies*. Kindly show them to me. Sir, please, tell us something about English gentlem*en*, Frenchm*en*, the Germans, the Romans and the Musalmans. Very well. Englishm*en* love honesty and liberty, Frenchm*en*

are noted for their civility, the Germans are famous for their talent for music, the early Romans were celebrated for their simplicity of manners, and the Musalmans are polite. When we go to the Chauk, we see fine cloths for sale.

क्या(s) तुम उन ईमानदार आदमियों को देखते हो। ये औरतें बहुत मिहर्बान मअ्लूम होती हैं। उसको बालकों के साथ जंगल में खेलने मत दो। हंसों के पैर झिल्ली से जुटे होते हैं। तुम्हारे बैल ताज़े हैं। उसके कपड़े मैले हैं उस से कह दो कि अपने नये कपड़े पहिने । मेरे कपड़ों को खूब झाड़ दो। सब ईसाई भाई बिरादर हैं। गली में चंद ग़रीब मर्द औरतें और बालक हैं। औरतें और बालक बहुत भूखे और प्यासे मअ्लूम होते हैं। उसका बिस्तर कितना लंबा है। उसका बिस्तर छै फुट और चार तसू लंबा है। क्या(s) तुम्हारे पास सुफ़ेद चूहे हैं। सुफ़ेद चूहे बहुत खूबसूरत होते हैं लेकिन(t) मेरे पास नहीं हैं। जब घास नहीं जमती तब तुम्हारे बैल क्या खाते हैं। जब घास नहीं जमती तब मेरे बैल सूखी घास खाते हैं। वे मर्द औरतें और बालक वहां क्या कर रहे हैं। वे सूखी घास बना रहे हैं। जब बिल्ली दूर रहती है तब चूहे नज़र आते हैं। तुम अपने दांत किस से साफ़ करते हो। हम अपने दांत हमेशा साफ़ पानी से साफ़ करते हैं। कभी कभी मंजन का भी इस्तिअ्माल करो। तुमको पासों का खेल पसंद है या शतरंज का ? मुझे पासों का खेल अच्छा नहीं लगता। वह क्यों रोती है। अगर मैं उसके कपड़े सिर्फ छूता हूं तो वह रोती है। उसके कपड़े मत छुओ। चूहे बहुत तकलीफ़दिह होते हैं। तुम्हारे सवार कहां हैं। हमारे सवार हमारे पीछे आते हैं। मेरे पैर बहुत लंबे हैं। तुम्हारे बैल कहां चरते हैं। हमारे बैल चरागाह में चरते हैं। उसके बीस गाय हैं उनको कौन दुहता है। उन सभों को दो औरतें दुहती हैं। बालको कीचड़ में क्या पड़ा देखते हो। एक भैंसा। मेरे तीन दांत दर्द करते हैं। कुछ अंदेशा नहीं(x), मैं उनको उखाड़ डालूंगा। चूहों को एक मूसदानी में पकड़ लो। उसके कै भाई हैं। उसके पांच भाई हैं। वह

(s)इसको तर्जुमे में छोड़ दो। (t)अंगरेज़ी में they का होना ज़रूर है॥
(x)अंगरेज़ी में is का होना ज़रूर है॥

सिक्कागर है क्योंकि उसके घर में कई एक ठप्पे हैं। बअ़ज़े जर्मनी के लोग बड़े संस्कृतदां होते हैं। बअ़ज़े अंगरेज़ भी संस्कृत में बड़े फ़ाज़िल होते हैं। मुसलमान संस्कृत सीखते हैं या नहीं। कोई मुसलमान संस्कृत नहीं सिखता। मुसलमान कौन ज़बान सीखते हैं। वे ख़ासकर अरबी और फ़ारसी सीखते हैं॥

दसवां सबक़

५० Deer = हिरन		Means = ज़रिया, तदबीर
Sheep = भेड़, भेड़ी		Series = सिलसिला
Swine = सूअर		Species = क़िस्म

इन लफ़्ज़ों की सूरत वाहिद और जमा में एकसां होती है।

---

५१ Brace, couple, pair	= जोड़ा, दो	Dozen = बारह
		Score = कोड़ी, बीस

इन लफ़्ज़ों से पहिले कोई अदद या अदद के मअ़नी का लफ़्ज़ रहता है तो जमा में ये ज्यों के त्यों बने रहते हैं और नहीं तो जमा बनाने के लिये इन में *s* जोड़ा जाता है॥

वाहिद		जमा
५२ Father-in-law	= ससुर	Fathers-in-law.
Mother-in-law	= सास	Mothers-in-law.
Brother-in-law	= साला, बहनोई	Brothers-in-law.
Son-in-law	= दामाद	Sons-in-law.
Daughter-in-law	= पतोह, बहू	Daughters-in-law.
Knight-errant	= बहादुर जो लड़ता फिरे	Knights-errant
Aide-de-camp	= मुसाहिब	Aides-de-camp.
Court-martial	= लश्करी अदालत	Courts-martial.
Governor-General	= बड़े (m) लाट साहिब	Governors General
Commander-in-Chief	= जंगी लाट	Commanders-in Chief.

(m) इज़्ज़त के लिये जमा की सूरत है॥

देखो इन लफ़्ज़ों के पहिले जुज़ में *s* के जोड़ देने से जमा बनती है॥

	वाहिद		जमा	
५३	Church-warden	= गिरजे का मुहाफ़िज़	Church-warden*s*	= गिरजे के मुहाफ़िज़
	Handful	= मुट्ठी, मुट्ठी भर	Handful*s*	= मुट्ठियां
	Mouthful	= लुक़मा, कौर	Mouthful*s*	= लुक़मे, कौर
	Spoonful	= चमच भर	Spoonful*s*	= चमचभर
	Pailful	= दुहनीभर	Pailful*s*	= दुहनीभर

देखो इन लफ़्ज़ों के दूसरे जुज़ में *s* के जोड़ देने से जमा बनती है॥

	वाहिद	जमा
५४	T	T'*s*
	I	I'*s*
	A	A'*s*

देखो इन हरफ़ों की जमा '*s* के जोड़ देने से बनती है न कि सिर्फ़ *s* के जोड़ने से

५५ दसवीं लुग़त

हवा	= Air.	निशान्, सिफ़त्	= Character(*h*)
खुला मैदान	= Open air.	हिस्सा	= Part.
बहार, बसंत	= Spring.	दुनिया	= World.
पोशिश, कपड़े	= Clothing.	तीतर	= Partridge(*m*).
कीच, कोचड़	= Mire, Mud.	महोका	= Pheasant(*n*).
मुसीबत, तकलीफ़, बला	= Calamity, misfortune.	बतक	= Duck.
दारोग़ाकुतुबख़ाना, किताब ख़ाने का दारोग़ा	= Librarian	बंदूकचा, तमंचा	= Pistol.
		खेत	= Field.
		अमरूद	= Guava.
मज़मून	= Subject.	तंबूर	= Drum.

मज़मून = विषय। निशान् = लक्षण। (h) ch = k या क। (m) d का तलफ़्फ़ुज़ नहीं होता। (n) ph = f.

सदी, सौ बरस	= Century.	ख़त, चिट्ठी	= Letter.
काम	= Business(o).	फ़र्क़	= Difference.
हुक्म	= Order.	आईन	= Law.
गदा, भिखारी	= Beggar.	मुक़द्दमा	= Case.
दरवाज़ा	= Door(p).	हाकिम	= Officer.
चना	= Gram.	चावल	= Rice.
आटा	= Flour.	मिठाई	= Sweetmeat.
मरीज़, रोगी	= Patient.	गोश्त	= Meat.
दवा, इलाज	= Medicine.	मोती	= Pearl (पर्ल्).
तालाब	= Tank.	बदहज़मी	= Indigestion.
लोग	= People(r).	बीमारी	= Complaint, malady.
मर्दे शरीफ़	= Gentleman.	चिरैता	= *Chiraitá*.
मेमना	= Lamb.	नीम	= *Ním*.
आफ़त	= Danger.	काढ़ा	= Decoction.
अमन	= Security.	B. A.	= Bachelor(t) of Arts.
बुज़ुर्गी	= Superiority.	M. A.	= Master(v) of Arts.
पहाड़	= Mountain.	ज़ीनत	= Ornament.

जंगली	= Wild.	मैला, ग़लीज़	= Filthy.
खुला	= Open.	बदज़ात, शरीर,	= Wicked.
ख़ाइफ़, कम-ज़ुरत, बुज़दिल, डरपोकना	= Timid.	होशयार	= Clever.
		नंगे पांव, खुले पांव	= Barefoot, barefooted.
कुंदज़िहन, बदज़िहन, बेवुक़ूफ़	= Stupid.	परहेज़ी, परहेज़गार	= Temperate.

(o)बिज़नेस्। (p)डोर। (r)peo = पी। फ़र्क़ = भेद, बीच। (t)फ़ज़ीलत का एक ख़िताब। (v)फ़ज़ीलत के बड़े दर्जे का ख़िताब। ज़ीनत = भूषण, अलंकार। शरीर = दुष्ट, दुरात्मा। परहेज़ी = संयमी।

किसी = A, any.
हट्ठी = Stubborn, obstinate.
नापाक = Impure.
जाइज़ = Lawful.
लाहासिल = Ineffectual, vain, fruitless.
फ़र्मांबरदार = Obedient.
बीमार = Ill.
रहमदिल = Kind-hearted.
इसी = This very.

साल बसाल, हरसाल = Annually, yearly, every year.
आगे = Before.
आज = To-day.
परसों (बीता हुआ) = The day before yesterday
कमसे कम = At least, at the least
ज़ियादे से ज़ियादा = At most, at the most.
एक मर्तबा = Once.
अमन से = Securely, in security.

लगातार, हमेशा = Continually, unceasingly.
कल (आनेवाला) = To-morrow.
कल (बीताहुआ) = Yesterday.
परसों (आनेवाला) = The day after to-morrow.

एवज़ में = Instead of.
कभी = Ever.
कभी नहीं, हरगिज़ नहीं = Never.
इकट्ठा = Together.
उस वक़्त = At that time.

झाड़ना, गिराना = To shed, to let fall
देना, जुटाना, पहुंचाना = To supply.
खुश होना = To delight(w)
लोटना = To wallow.
खाली पड़ना, नाकारगर होना = To fail.
मुरत्तब करना = To arrange.
तमीज़ करना, पहिचानना = To distinguish.
लेना, पाना = To receive.

बतलाना, ज़ाहिर करना, औरों से कहना = To communicate.
याद करना = To recollect.
काफ़ी होना, किफ़ायत करना = To suffice.

गोली मारना = To shoot.
पीछे दौड़ना = To run after.
मुक़ाबला करना = To face.
बचाना = To protect, to save.

जाइज़ = यथान्याय। लाहासिल = व्यर्थ। फ़र्मांबरदार = आज्ञाकारी॥
(w) gh का तलफ़्फ़ुज़ नहीं होता। मुरत्तब करना = यथा क्रम रखना॥

समझना = { To know, to understand, to think.
काइम रखना = To preserve.
तरक़्क़ी करना = To improve.
नाम कहना = To name.
फ़ैसल करना = To decide.
भूलना = To forget.
आड़ी लकीर खींचना = To cross.
नुक़ता बनाना = To dot.
पढ़ा था = Read (रेड्).

५६

नज़ीरी जुम्ले

a. I recollect it = वह मुझको याद है।
b. He wants two rupees *for* this = वह इसका दो रुपया मांगता है
c. He will sell his horse *for* a hundred rupees = { वह अपना घोड़ा सौ रुपये को बेचेगा
d. I will give you a bigha *of* land = { मैं तुमको एक बिगहा ज़मीन दूंगा
e. I gave him a score *of* beams = मैंने उसको एक कोड़ी धरनें दीं।
f. What will you do *with this* ? = { तुम इसे क्या करोगे। या तुम इसको क्या करोगे।
g. He thinks you to be good या He thinks you are good = { वह तुमको नेक समझता है।
h. I require three *or* four books = मुझको तीन चार किताबें चाहिये

दसवीं मश्क़

५७ Sohan has *a* pretty deer. I have *four* beautiful deer. *They* are swift of foot. Where *do* wild deer live? *They* live continually in the open air. When *do* deer shed *their* horns? Deer shed *their* horns annually in the spring. *A* sheep is *a* timid animal, and runs from a dog. That is true, but sheep *are* very useful to man. How *are* sheep useful to man? *They* supply him with food and clothing. *Has* the swine divided or entire hoofs? The swine *has* divided hoofs. Swine *are* stupid. *They* are also filthy. *They* delight to wallow in the mire. Your son is very lazy. I am sorry to hear this. Kindly

---

फ़ैसल करना = निपटाना ॥

use *every*(k) means to make him diligent. I will do what you say, but I think *all* means will fail with him. Sometimes a wicked man has to suffer *a* series of calamities. Sometimes a good man also has *a* series of misfortunes. A clever librarian arranges books in *different* series. He does not put books of different subjects in *one* series. How do you distinguish *one* species of vegetables from *another* ? By *its* character. Do we find animals of the same species everywhere ? No, we see animals of *different* species in different parts of the world. Your brother wishes to buy *a* brace of partridges, and I want to have *three* brace of pheasants. I see *three* couple of animals in that field now. There was only *one* couple before. Why are you bare-foot to-day ? Because I have no shoes. *How many* pair of shoes had you ? I had only *one* pair. You should always have at least *two* pair of shoes. I know your father had *eight* or *ten* pair of shoes. I beg you will kindly let me go to the Chauk. Why do you want to go to the Chauk ? I wish to buy a dozen (v) of apples, and *three* dozen of guavas. Very well, go. Please, buy *two* score of slate-pencils for my pupils. Have you no slate pencils ? I had *a* score of them, but I have none now. My teacher has doz*ens* of books and score*s* of slate-pencils. Whenever I go to the Chauk, I buy dozen*s* of apples. Some drums are always in pairs. Following the Governor-General in pairs were Indian Chiefs. Then came the Commander-in-chief, followed in pairs by European Officers. Who are these men ? They are the brother*s*-in-law of Kallú, and son*s*-in-law of Mallú. How many brother*s*-in-law has your friend ? He has two brother*s*-in-law. In the tenth century there were knight*s*-errant in all parts of Europe. All Governor*s*-General and Commander*s*-in-Chief have several Aide*s*-de-Camp. What is the business of Aide*s*-de-Camp ? The duty of Aide*s*-de-camp is to receive and communicate the orders of their Chiefs. When Sir Charles Napier was the Commander-in-Chief of India there were many Court*s*-martial. How many Court*s*-martial were there in the time of Sir Charles Napier, do you recollect ? I think there were about fifty. Are the Church-warden*s* attentive to their duty ? They do their duty well. There is a beggar at the door ; give him two or three handful*s* of gram. Do not give him grain, but give him three handfuls of flour. That patient requires four spoonfuls of this medicine. I suppose two spoonfuls will suffice. I hear you eat only thirty mouthfuls. Sometimes even not so many. You are very tem-

---

(k) every हमेशा वाहिद के मअ़नी ज़ाहिर करता है ।

(v) dozen के बअ़द of को छोड़ भी देते हैं जैसे a dozen apples, ऐसा बोलना या लिखना बहुत दुरुस्त है ।

perate. Always cross your t's and dot your i's. Do all men cross their t's and dot their i's? No, some men never cross their t's or dot their i's.

उस जंगल में क़रीब हज़ार के हिरन थे। चकिया में बहुत हिरन हैं। जब हिरनों को प्यास लगती है तब वे एक तालाब को पानी पीने के लिये दौड़ते हैं उस वक़्त लोग उनको गोली मारते हैं। एक मर्तबा किसी जंगल में एक मर्दशरीफ़ एक हिरन के पीछे चार पांच मील दौड़ा गया। एक शख़्स के पास एक हिरन है वह उसे दस रुपये का नहीं बेचता। तुम तीसों भेड़ी का क्या लोगे। ४५ रुपये। मैं सिर्फ़ एक भेड़ी एक रुपये को ख़रीदा चाहता हूं। भेड़ी कुत्ते का मुक़ाबला करती है, जब उसका मेमना उसके पास होता है उस वक़्त वह अपनी आफ़त का ख़याल नहीं करती। इन्सान भेड़ों को भेड़ियों से बचाता है। जहां भेड़िये नहीं होते वहां भेड़ी अमन से चरती हैं। सूअर हट्ठी जानवर होते हैं। सूअर में कोई अच्छी सिफ़त नहीं होती। हिन्दू सूअरों को नापाक समझते हैं। हरएक तदबीर जाइज़ थी। वह इस तदबीर से अपनी बुज़ुर्गी क़ाइम रखता है। वे तदबीरें लाहासिल हुईं। मैं तुमको और तदबीरें बतलाऊंगा। इन तदबीरों से लड़के जल्द तरक़्क़ी करेंगे। हिंद में ऊंचे पहाड़ों का एक सिलसिला है। दुनिया में पहाड़ों के बहुत सिलसिले हैं। क्या(s) तुम तीन चार सिलसिलों के नाम कह सकते हो। हां। क्या(s) ये चारों फूल एक क़िस्म के हैं या जुदी जुदी क़िस्मों के। वे एक क़िस्म के नहीं हैं जुदी जुदी क़िस्मों के हैं। आज मैं पांच जोड़े जूते ख़रीदूंगा। इतने जोड़े क्या करोगे। मेरे पांच बेटे हैं उन सभों को जूते चाहिये। पुराने जोड़ों को क्या करोगे। पुराने जोड़ों को फेंक दूंगा। उन दो कोड़ी मोतियों के एवज़ में मैं और दो कोड़ी मोती चाहता हूं। मोहन के यहां तीन कोड़ी बांस हैं। सोहन के यहां पांच कोड़ी हैं। एक हफ़्ते में मुझको कोड़ियों ख़त लिखने पड़ते हैं। उसके कोड़ियों दोस्त हैं। बाबू बनमाली चट्टोपाध्याय के बीस ससुर बीस सास और अस्सी साले हैं। उसके इतने ससुरे सास और साले क्योंकर है। वह कुलीन ब्राह्मण है इसलिये उसके बीस जोरू हैं

(s) इसको तर्जुमे में छोड़ दो।

और इतने ससुरे सास और साले हैं। उसके बहनोई और दामाद हैं या नहीं। हां उसके तीन बहनोई और दो दामाद हैं। मेरे दोस्त के तीन बहू हैं वे नेक हैं और अपनी सास की बहुत फ़र्मांबरदार हैं। लश्करी अदालतों और आम अदालतों के दर्मियान क्या फ़र्क़ है। लश्करी अदालतों के आईन जंगी होते हैं और उन में कई शख़्स बैठकर एक मुक़द्दमे को फ़ैसल करते हैं। आम अदालतों के आईन जंगी नहीं होते और अकसर उन में एक हाकिम एक मुक़द्दमे को फ़ैसल करता है। हिंद में कितने बड़े लाट साहिब होते हैं और कितने जंगी लाट। बड़े लाट साहिब एक ही होते हैं लेकिन तीन जंगी लाट होते हैं। दो बड़े लाट साहिबों को यअ़नी लार्डकार्नवालिस और लार्ड-क्यानिंग को हिन्द के लोग कभी न भूलेंगे। क्या(s) हिन्द के जंगी लाट एकट्ठा रहते हैं या जुदी जुदी जगहों में। वे जुदे जुदे शहरों में रहते हैं। ये गिरजे के मुहाफ़िज़ बहुत सुस्त मअ़लूम होते हैं। वे बीमार हैं वे दो तीन मुट्ठी चावल के सिवा कुछ नहीं खाते। फ़क़त दो तीन मुट्ठी चावल के खाने से वे क्योंकर जीते हैं। वे बीस लुक़मे मिठाई भी खाते हैं और दस चमच दूध पीते हैं। तुम के लुक़मे गोश्त हर रोज़ खाते हो। मैं पचीस लुक़मे गोश्त रोज़ खाता हूं। उसको बदहज़मी की बीमारी है तो उसको दो चमचे चिरैता या नीम का काढ़ा हर रोज़ पीना चाहिये। बिल्ली भूखी है उसको चार पांच चमचे दूध दे सक्ते हो या नहीं। अपने बेटे को तो(s) मैं दो चमचे दूध दे नहीं सक्ता बिल्ली को चार पांच चमचे दूध क्योंकर दे सक्ता हूं। के दुहनी दूध तुम मुझको दे सक्ते हो। मेरे फ़क़त् पांच गौ और दो भैंस हैं इसलिये मैं तुमको चार दुहनी दूध दे सक्ता हूं। बूढ़े सिपहसालार के कई एक मुसाहिब हैं। वे मुसाहिब निहायत रहमदिल हैं। तुम्हारे मद्रसे में के हिन्द के M. A. और B. A. हैं। हमारे मद्रसे में चार हिन्द के M. A. हैं और दो हिन्द के B. A. हैं। इन M. A. और B. A. ने कहां पढ़ा था। इन ने इसी मद्रसे में पढ़ा था। तो वे तुम्हारे मद्रसे की ज़ीनत हैं। बेशक। हिन्द के B. A.(p) और M. A.(p) और इंगलिस्तान के B. A.(p) और M. A.(p) के दर्मियान कुछ फ़र्क़ है या नहीं। बड़ा फ़र्क़ है। क्या(s)

(s) इसको तर्जुमे में छोड़ दो। (p) जमा की सूरत चाहिये।

हिन्द के B. A.(p) और M. A.(p) इंगलिस्तान के B. A.(p) और M. A.(p) के बराबर नहीं हैं। इंगलिस्तान के B. A. (p) और M. A.(p) हिंद के B. A.(p) और M. A.(p) के उस्ताद हो सकते हैं ॥

ग्यारहवां सबक़

५८ वाहिद जमा

.... Bellows = धौंकनी, भाथी
.... Braces = पट्टी जिस से कपड़े संभले रहते हैं
.... Breeches = पायजामा, सूथन
.... Compasses = परकार
.... Drawers = पायजामा, जांघिया, सूथन
.... Pincers = संड़सी, चिमटा
.... Scissors = क़ैंची, कतरनी
.... Shears = कतरनी
.... Snuffers = गुलतराश
.... Spectacles = चश्मा, ऐनक
.... Tongs = चिमटा
.... Trowsers = पायजामा, सूथन

इन लफ़्ज़ों का वाहिद नहीं है। जब इनका इस्तिअ्माल वाहिद में किया चाहते हैं तब a pair of या one pair of इन से पहले लाते हैं। जमा में भी इन से पहिले pair of का लिखना दुरुस्त है जहां तिअ्दाद की मुराद होती है, जैसे two pair of compasses = दो परकार, three pair of compasses = तीन परकार, न कि फ़क़त two compasses, three compasses.

५९ याद रखना चाहिये कि a या one pair of compasses से फ़क़त् एक परकार की मुराद ज़ाहिर होती है न कि दो की, उसी तरह से two pair of compasses से सिर्फ़ दो परकार की ग़रज़ ज़ाहिर होती है न कि चार की ॥

(p) जमा की सूरत चाहिये।

६० वाहिद जमा

....	Annals	= तवारीख़
....	Archives(m)	= दफ़्तर, दफ़्तरख़ाना
....	Dregs, lees	= तरकठ, तलछठ, खूद
....	Measles	= छोटी सीतला, गरमीदाना
....	Nuptials	= निकाह, ब्याह
....	Obsequies	= किरिया करम
....	Tidings	= ख़बर
....	Trappings	= ज़ेवर
....	Vitals	= जान या हयात के लिये ज़रूरी हिस्से

(n)इन लफ़्ज़ों का भी वाहिद नहीं है।

---

६१ ग्यारहवीं लुग़त

दरज़ी	= Tailor.	चूल्हा	= Oven.
हर शख़्स	= Everybody, everyone.	चपाती	= Cake.
पखवारा, दो हफ़्ते	= Fortnight.	रोशनी	= Light.
चौपान, गल्लबान, गड़ेरिया	= Shepherd.	गुल	= Snuff.
		बिल्लौर	= Crystal.

नक़्शा खींचना = Map-drawing. काँच = Glass.

वैसा अच्छा जैसा = As good as. उतना अच्छा जितना = So good as

मुआफ़ करना = To excuse.
खींचना = To draw, to take out.
नौकरी करना, ख़िदमत करना, काम करना = To serve.
गुल काटना = To snuff a candle.

तवारीख़ = इतिहास। (m)ch = k या क।
(n)ऐसे लफ़्ज़ थोड़े और भी हैं॥

६२ नज़ीरी जुमला

Mohan serves Sohan = { मोहन सोहन की नौकरी करता है। या मोहन सोहन की ख़िदमत करता है। या मोहन सोहन का काम करता है। }

ग्यारहवीं मश्क़।

६३ Are these your *spectacles* ? Yes. Why do you not clean them? Are they dirty ? I think they are. Why is this tailor here ? I want him to make a pair of *trowsers* for my son. In how many days can he make one ? In six days. My tailor can make six pair of *trowsers* in three days. Tailor, do you hear what this gentleman says ? Yes, but I have to serve other people also. I have to make three pair of *breeches* for Mohan and two pair of *drawers* for Sohan in two days. Well, I see you are very attentive to others, and very little(m) to me. Is not my money as good as theirs? Sir, it is difficult to please everybody. Where are your *scissors* ? Take cloth for two pair of *trowsers*. Excuse me, Sir, I can make only one pair of *trowsers* for you ; if you wait a fortnight, I will make two or three pair. I cannot wait so long. The shepherd has no *shears*. He should buy at least two pair of *shears*.

अपने शागिर्दों को नक़्शा खींचना क्यों नहीं सिखलाते। जितनी परकार मुझे चाहिये उतनी मेरे पास नहीं हैं इस वास्ते मैं अपने शागिर्दों को नक़्शा खींचना नहीं सिखला सक्ता। तुमको कितनी परकार चाहियें। मुझको उतनी परकार चाहियें जितने लड़के मेरे पास हैं। तुम्हारे पास कितने लड़के हैं। बीस। पांच परकार तुम्हारे पास हैं, दस मुझ से अभी लो और पांच मैं तुम्हें एक हफ़्ते में दूंगा। मुझको एक चिमटा दरकार है। चिमटा क्या करोगे। चूल्हे से चपाती खींचने के लिये। मैं तुमको दो चिमटे दूंगा। रोशनी साफ़(a) नहीं है गुल काटो। मेरे पास गुलतराश नहीं है। तुमको हमेशा एक गुलतराश अपने पास रखना चाहिये। मेरे पास दो गुलतराश थे लेकिन अब(p) एक भी नहीं है। तुम्हारा चश्मा कांच का है या बिल्लौर का। मेरे पास तीन चश्मे हैं दो बिल्लौर के और एक कांच का। बिल्लौर के चश्मे सुम

(m) little = little attentive. (p) अब एक = अब मेरे पास एक।

(a) साफ़ = clear.

मैं कितने को ख़रीदें। बीस रुपये को। एक शख़्स के पास एक बहुत उमदा चश्मा है उसका वह पंद्रह रुपये मांगता है॥

---

६४ बारहवां सबक़

a. This boy's book is here = इस लड़के की किताब यहां है
b. This man's book is here = इस आदमी की किताब यहां है
c. These boys' books are here = इन लड़कों की किताबें यहां हैं
d. These men's books are here = इन आदमियों की किताबें यहां हैं

६५ इस्म यानी नाम के आख़िर में *'s* के रखने से तअ़ल्लुक़ ज़ाहिर होता है, जैसे man's = आदमी का, men's आदमियों का॥

६६ जब जमा के आख़िर में *s* होता है तब सिर्फ़ ' के लगा देने से तअ़ल्लुक़ ज़ाहिर किया जाता है जैसे boys' = लड़कों का॥

६७ Goodness = नेकी, kindness = मिहर्बानी, righteousness = रास्तबाज़ी, conscience = क़ुव्वत-तमीज़-नेक-ओ-बद, justice = इनसाफ़, shortness = इख़्तिसार; इनके आख़िर में सिर्फ़ ' लाते हैं जब इनके साथ sake का तअ़ल्लुक़ ज़ाहिर किया जाता है। Sake = ख़ातिर, लिहाज़। For goodness' sake = नेकी के लिहाज़ से॥

६८ Of से भी तअ़ल्लुक़ ज़ाहिर होता है जैसे my teacher's son या the son *of* my teacher = मेरे उस्ताद का बेटा॥

६९ जिस में जान नहीं होती ख़ासकर जिसको हम देख सकें या छू सकें जब उसके साथ किसी का तअ़ल्लुक़ ज़ाहिर करना होता है तो अकसर of का इस्तिअ़माल होता है न कि *'s* का, जैसे the walls of this building = इस इमारत की दीवालें. This building's walls ऐसा बोलना लिखना इन दिनों का मुहावरा नहीं है। शाइर *'s* का भी इस्तिअ़माल करते हैं। ६७ वीं दफ़ा को देखो॥

७० वक़्त के साथ काम या हालत का तअ़ल्लुक़ ज़ाहिर करने के लिये कभी कभी 's या ' लगा देते हैं जैसे one year's labour = एक साल की मिहनत; the Seven Years' War = सात बरस की लड़ाई; two years' service = दो बरस की ख़िदमतगुज़ारी। ६९ वीं दफ़ा को देखो॥

तअ़ल्लुक़ = संबंध। रास्तबाज़ी = सात्विक वृत्ति।
क़ुव्वत-तमीज़-नेक-ओ-बद = दोषादोषज्ञान॥

७१ जो लफ़्ज़ ५२ वीं दफ़ा में दिये गये हैं उनके साथ किसी का तअ़ल्लुक़ ज़ाहिर करने के लिये वाहिद लफ़्ज़ के आख़िर में 's रखते हैं जैसे Governor-General's = बड़े लाट साहिब का; Commander-in-Chief's = जंगी लाट साहिब का; mother-in-law's सास का. याद रखना चाहिये कि इन लफ़्ज़ों का तअ़ल्लुक़ जमा की सूरत में 's या ' के रखने से नहीं होता ॥

---

७२ बारहवीं लुग़त

ऊंट	= Camel.	अ़हद, मुल्कदारी	= Reign.
बदअतवारी, बदवज़ई, कुचाल	= Misconduct, misbehaviour.	मौत, मौच	= Death.
		कलिमा	= Expression.
		सांप	= Serpent.
अतवार, वज़ा, चाल	= Conduct, behaviour.	मुसन्निफ़, मुअल्लिफ़	= Author.
		बाप	= Sire, father.
फ़र्ज़	= Duty.	टापू	= Island.
सरोकार, अ़लाक़ा	= Concern.	तकलीफ़	= Suffering.
सुहबत	= Society, company.		
मा बाप	= Parents.	चचेरा भाई	= Cousin.
इमला, अच्छरौटी	= Orthography.	बाल	= Hair.
दरजा	= Class.	कुर्ती	= Coat.
जौहर, लियाक़त	= Merit.	रंग	= Colour.
तवारीख़	= History.	दानिस्त	= Opinion.
भाड़ा, किराया	= Rent.	भतीजा	= Nephew.
क़ियाम	= Standing.	गाड़ी	= Carriage.
कूआ	= Well.	हकीम	= Physician.
ख़बर, इल्म	= Information.	पादरी	= Clergyman.
किताब	= Work, book.	बदला	= Revenge.
मज़मून, बात	= Matter.	टोपी	= Cap.

फ़र्ज़ = कर्त्तव्य, कृत्य । क़ियाम = टिकाव, स्थिति ।
मज़मून = विषय, प्रस्ताव । अ़हद, मुल्कदारी = राज्यशासनकाल ।
कलिमा = वाक्य । मुसन्निफ़ = ग्रन्थकर्त्ता । दानिस्त = समझ ।

चा = Tea.
भतीजी = Niece.
मुलाक़ात = Visit.
शाहज़ादा = Prince.
खोता, खोंता = Nest.
पादशाह, बादशाह = King.
बाग़ = Garden.
मलिका = Queen.
दिहक़ानी = Peasant.
अरसा = Time.
हिनहिनाना = Neighing.
चमचमाहट = Glittering.
तलवार = Sword.
नाम = Name, fame.
धुन = Perseverance.
सफ़र = Journey.
मेज़ = Table.
पाया = Leg.
ढपना = Lid.
ज़ंजीर = Chain.
शाइरा = Poetess.
हाफ़िज़ा = Memory.
माजरा = { Circumstance, event.
बेइज़्ज़ती = Insult.

खेमा = Camp.
मीरट = Mírat.
मुलतान = Multán.

नर्म = Soft.
ब सबब = Owing.
मायूब, नामअक़ूल, नीच } = Disgraceful.
दौलतमंद, मालदार = Rich, wealthy
बदकार, शरीर = Vicious.
दुरुस्त, ठीक = Right.
बराबर = Equal.
कुछ खारा = Brackish.
ग़ैरहाज़िर = Absent.
सब के पीछे का = Last.
बे फ़साद, बा सुलह } = Peaceful.
अजीब, तअरीफ़ के लाइक़ } = Admirable.
खुशहाल, पाक = Blest.
हरा, सब्ज़ = Green.
नीला = Blue.
काला = Black.
लाज़वाल = Immortal.
अंधा = Blind.

बराबर = Equally.
बाहर = Out.
भीतर, अंदर = In.

मलिका = रानी। शाइरा = कवीश्वरी, काव्यकारिणी। हाफ़िज़ा = स्मरणशक्ति। मायूब = लज्जाकर। नामअक़ूल = अयोग्य। अजीब = अद्भुत। लाज़वाल = अमर॥

किसका, जिसका = Whose

चाल इख़तियार करना, सुलूक करना	= To behave.	तमाम करना, कर चुकना, ख़तम करना	= To finish, to accomplish, to end.
हाथ लगाना, हाथ डालना	= To meddle.	मुलाक़ात करना	= To visit, to pay a visit.
रखना	= To contain.	तैयार करना	= To make, to make ready, to prepare.
बदला लेना	= To revenge.	पहुंचना	= To reach.
ठीक होना	= To fit.	छिपाना	= To conceal.

७२ नज़ीरी जुमले

a. He behaves well = उसके अतवार अच्छे हैं। या वह खुश अतवार है। या उसकी वज़ा अच्छी है। या उसकी चाल अच्छी है। या उसकी चाल ढाल अच्छी है। या वह अच्छी चाल चलता है।

b. How does he behave towards you ? = वह तुम्हारे साथ किस तौर से पेश आता है या वह तुम्हारे साथ कैसा सुलूक करता है

c. What do you think of my book ? = तुम्हारी दानिस्त में मेरी किताब कैसी है या तुम्हारी समझ में मेरी किताब कैसी है या तुम्हारी राय में मेरी किताब कैसी है

d. He is right = उसका कहना(n) ठीक या दुरुस्त है

(n) कहना, लिखना, करना, वग़ैरह, जैसा मौक़ा हो वैसा लफ़्ज़ होना चाहिये।

e.	Do not meddle with those things	= उन चीज़ों में हाथ न लगाओ। या उन चीज़ों में हाथ न डालो। या उन चीज़ों को न छुओ।
f.	This servant is of four years' standing	= यह चार बरस का नौकर है।
g.	This box contains many things	= इस संदूक़ में बहुत चीज़ें हैं।
h.	He will revenge this insult	= वह इस बेइज़्ज़ती का बदला लेगा।

—÷—

बारहवीं मश्क़

७४ The feet *of* camels are very soft. How does your friend's son behave now? He behaves as badly as ever. I hear your friend is ill. He is very ill; and his illness is chiefly owing to the misconduct *of* his son. The great duty *of* a son is to please his father and mother; and when a father sees that his son's behaviour is disgraceful, he is very sorry. The sons *of* rich men are sometimes very wicked. How are wealthy men's sons sometimes wicked? They live in the company *of* low and vicious persons, and trouble their parents. What do you think *of* the orthography *of* the English language? I think it is not good. You are right. Where do your neighbour's sons read? In the first class *of* this school. Are the boys *of* the first class equally good? The boys *of* a large class are never equal in merit. There are always some who are behind the others. What is your father's name? My father's name is Sohan. Where are your pupils' books? To-day my pupils' books are not here. Do not meddle with our children's toys. Do you recollect anything *of* the history *of* the Thirty Years' War. Yes. You have to pay a year's rent, but I have to pay four years' rent. Is not Kallú an old servant? He is a servant of twenty years' standing. The roofs *of* our library and museum are very leaky. The leaves *of* the trees are yellow. How do you like the water *of* this well? Very well. Why is the water *of* every well in my neighbourhood brackish? On account *of* filth, I suppose. What sort *of* work is 'Chambers's Information for the People'? It is an excellent work. It contains useful matter. Are Charles's parents alive? Yes, so are James's. Thomas's man is absent to-day. Where is Mathews's last letter? It is in the desk. Was not Pius's reign peaceful? Yes. Socrates's behaviour at the hour *of* death was admirable. Mr. Hastings's conduct towards the Begams *of* Oude and Chet

Sinha *of* Benares was not good. We find such expressions as 'Moses's Law' and 'Moses's serpent' in good authors. Where are "your sires' Islands *of* the Blest"? The heroes' sufferings were great and many. He suffers much for justice' sake.

मेरी कोठरी की दीवालें सब्ज़ हैं। लेकिन तुम्हारे भाई की कोठरी की दीवालें नीली हैं। मेरे चचेरे भाई का बाल काला है। क्या(s) इस कुर्त्ती का रंग तुमको पसंद है। तुम्हारी दानिस्त में मेरे भतीजे की नई गाड़ी कैसी है। मेरी दानिस्त में बहुत(m) खूबसूरत है। हमारे हकीम की जोरू किसकी बेटी है। हमारे हकीम की जोरू हमारे पादरी की बेटी है। हंस के पैर बहुत चौड़े होते हैं। मैं उस बहादुर की मौत का बदला लूंगा। तुमको उन बहादुरों की मौत का बदला लेना चाहिये। रामदास की टोपी मुझको ठीक होती है। गुरुदास की टोपी तुमको ठीक न होगी। जब मैं अपना दिन का काम तमाम करता हूं तब मैं बाहर जाता हूं। तुम बहुत प्यासे हो एक प्याला शरबत लो। मुझको एक प्याला चा चाहीये। क्या(s) यह बीबी तुम्हारे भाई की जोरू है। नहीं, वह मेरी जोरू की भतीजी है। क्या(s) तुम्हारे दोस्त का उस्ताद हमारी मुलाक़ात करेगा। वह एक घंटे में आवेगा। घंटे भर का वक़्त बहुत थोड़ा है। बीबियों की पोशाकें कौन तैयार करता है। दरज़ी की बेटी तैयार(t) करती है। क्या(s) तुम्हारे चचेरे भाई का उस्ताद होशयार है। जैसा शाहज़ादे का उस्ताद है वैसा होशयार वह नहीं है। चिड़िये का खोता दरख़्त पर है। चिड़ियों के खोते दरख़्त पर हैं। बादशाह का बाग़ वैसा अच्छा नहीं है जैसा मलिका का। तुम्हारे दोस्त के उस्ताद के पास बहुत शागिर्द हैं। दिहक़ानियों के झोंपड़े बड़े नहीं होते। तुम्हारा नया उस्ताद एक महीने के अरसे में आवेगा। दो महीने के अरसे में वह लौटेगा। मैं घोड़ों का हिनहिनाना सुनता हूं और तलवारों की चमचमाहट देखता हूं। कालिदास का नाम लाज़वाल है। अंगरेज़ों की धुन मशहूर है। कईएक दिनों के सफ़र के बाद हम लाहौर पहुंचेंगे। बड़े लाट साहिब का ख़ेमा कहां है। बड़े लाट साहिब का ख़ेमा मीरट में है लेकिन जंगी लाट साहिब का मुलतान में। तुम्हारे साले का

(s)इसको छोड़ दो। (m)बहुत = वह बहुत।
(s)इसको छोड़ दो। (t)तैयार = उनको तैयार।

क्या नाम है। मेरे साले का नाम रामनारायण है। तुम्हारे ससुर का घोड़ा बहुत खूबसूरत है। के दिनों के सफ़र के बाद हम लाहौर पहुंचेंगे दस दिनों के सफ़र के बाद। इस मेज़ का एक पाया छोटा है। तुम्हारे मकान की धरनें पुरानी हैं। इस संदूक का ढपना लाओ। उसकी जेबीघड़ी की ज़ंजीर बहुत खूबसूरत है। हरिदास का बाप अंधा था। रामदास की बहिन बड़ी शाइरा है। कालिदास का हाफ़िज़ा बहुत अच्छा था। नेकी के लिहाज़ से इस माजरे को मेरे बाप से मत कहो। रास्तबाज़ी की खातिर वह कुछ नहीं छिपाता॥

---

७५ तेरहवां सबक़

जिंस = Gender.

मुज़क्कर = Masculine.

मुअन्नस = Feminine.

मुश्तरिक् जिंस, मुज़क्कर और मुअन्नस दोनों = Common Gender.

न मुज़क्कर, न मुअन्नस, मुखन्नस = Neuter.

७६ अंगरेज़ी में जान्दार मुज़क्कर या मुअन्नस होते हैं और जिस में जान नहीं है वह मुखन्नस होता है।

७७

मुज़क्कर		मुअन्नस	
Bachelor	= कुंआरा	Maid या Spinster	= कुंआरी
Beau (बो)	= बांका, छैला	Belle (बेल)	= बांकी, रंगीली, छैली
Boar	= सूअर	Sow (सौ)	= सूअरी
Boy	= लड़का	Girl	= लड़की
Bridegroom	= दूलह, दुलहा	Bride	= दुलहन, दुलहिन
Brother	= भाई	Sister	= बहिन, बहन
Buck	= हरना	Doe	= हरनी
Bull	= सांड़	Cow	= गाय
Bullock, ox या steer	= बैल	Heifer	= कलोर गाय
Cock	= मुरग़ा	Hen	= मुरग़ी

जिंस = जातिभेद, लिंगभेद। मुज़क्कर = पुल्लिङ्ग। मुअन्नस = स्त्रीलिङ्ग। मुखन्नस = नपुंसक। मुश्तरिक् = सामान्य जाति अर्थात् पुल्लिङ्ग और स्त्रीलिङ्ग दोनों।

मुज़क्कर		मुअन्नस	
Colt	= बछेड़ा	Filly	= बछेड़ी
Dog	= कुत्ता	Bitch(बिच्)*	= कुतिया
Drake	= बत्	Duck	= बत्तकी
Earl	= { अमीरों का एक ख़िताब	Countess	= अर्ल की बेगम
Father	= बाप	Mother	= मा
Friar या monk	= दर्वेश, वैरागी	Nun	= वैरागिनी
Gander	= हंस	Goose	= हंसनी
Gentleman	= { मर्द आदमी, अशराफ़ज़ादा	Lady	= अशराफ़ज़ादी
Hart	= हिरन	Roe	= हिरनी
Horse	= घोड़ा	Mare	= घोड़ी
Husband	= ख़सम	Wife	= जोरू
King	= मलिक्	Queen	= मलिका, रानी
Lad	= छोकड़ा	Lass	= छोकड़ी
Lord	= { अमीरों का एक ख़िताब	Lady	= बेगम
Man	= मर्द	Woman	= औरत
Master	= साहिब, उस्ताद	Mistress	= साहिबा, उस्तानी
Nephew	= भतीजा	Niece	= भतीजी
Papa	= बाप	Mamma	= मा
Ram	= मेढ़ा	Ewe	= मेढ़ी
Sir	= साहिब	Madam	= साहिबा, बीबी
Sloven	= ग़लीज़ मर्द	Slut (n)	= ग़लीज़ औरत
Son	= बेटा	Daughter	= बेटी
Stag	= बारहसिंगा	Hind	= बारहसिंगी
Uncle	= चाचा, काका	Aunt	= चाची, काकी

*इस लफ़्ज़ का इस्तिअ़माल शरीफ़ लोग नहीं करते।

(n)slut का इस्तिअ़माल अब नहीं होता॥

	मुज़क्कर		मुअन्नस
Widower	=रंड़ुआ	Widow	=रांड, बेवा
Wizard	=जादूगर, टोनहा	Witch	=जादूगरनी, टोनहिन

निगाह करो कि मुज़क्कर और मुअन्नस के लफ्ज़ जुदे जुदे हैं ॥

७८	मुज़क्कर		मुअन्नस
Abbot	=महंत	Abbess	=महंतिन
Actor	=भांड़	Actress	=भांड़िन
Ambassador	=एलची, राजदूत	Ambassadress	=एलचिन, राजदूतिन, एलची की जोरू
Arbiter	=सालिस, पंच	Arbitress, arbitratrix	=सालिसा
Author	=मुसन्निफ़	Authoress	=मुसन्निफ़ा
Baron	=अमीरों का एक ख़िताब	Baroness	=Baron की बेगम
Benefactor	=नेकी करनेवाला	Benefactress	=नेकी करनेवाली
Caterer	=भंडारी	Cateress	=भंडारिन
Chanter	=गवैया	Chantress	=गानेवाली
Conductor	=इहतिमामची, मुहतमिम	Conductress	=इहतिमामचिन, मुहतमिमा
Count	=एक अमीरी ख़िताब	Countess	=Count की बेगम
Dauphin	=फ़रासीसी सब से बड़े शाहज़ादे का ख़िताब	Dauphiness	=Dauphin की बेगम
Deacon	=छोटे दरजे का पादरी	Deaconess	=छोटे दरजे की पादरिन
Duke	=एक अमीरी ख़िताब	Duchess	=Duke की बेगम
Elector	=जरमनी मुल्क के एक छोटे बादशाह का ख़िताब	Electress, Electoress	=Elector की बेगम
Emperor	=शाहन्शाह	Empress	=मलिका, शाहनशाह की बेगम, शाहनशाही करने वाली औरत

मुज़क्कर		मुअन्नस	
Enchanter	= जादूगर	Enchantress	= जादूगरनी
Founder	= बुनयाद डालने वाला	Foundress	= बुनयाद डालने वाली
Giant	= बड़े तन का मर्द	Giantess	= बड़े तन की औरत
Governor	= नाज़िम, उस्ताद	Governess	= हुकूमत करने वाली, उस्तानी
Heir	= वारिस	Heiress	= वारिसा
Hunter	= शिकारी	Huntress	= शिकारिन
Host	= मेज़बान, मिहमानदार	Hostess	= मिहमानदार या मेज़बान औरत
Inspector	= निगहबान	Inspectress	= निगहबान औरत
Instructer, Instructor	= उस्ताद	Instructress	= उस्तादिन, उस्तानी
Jew	= यहूदी	Jewess	= यहूदी औरत
Lion	= शेर	Lioness	= शेरनी
Marquis	= एक अमीरी ख़िताब	Marchioness (मारशनेस)	= Marquis की बेगम, वह औरत जिसको Marquis का मरतबा हो
Moyor	= एक बड़ा हाकिम	Mayoress	= Mayor की जोरू
Monitor	= छोटा उस्ताद	Monitress	= छोटी उस्तानी
Negro	= हबशी	Negress	= हबशिन
Patron	= मुरब्बी	Patroness	= औरत जो मुरब्बी हो
Peer	= अमीर	Peeress	= अमीरा, अमीरबेगम
Poet	= शाइर	Poetess	= शाइरा
Prior	= महंत	Prioress	= महंतिन
Prophet	= नबी	Prophetess	= नबीय
Protector	= मुरब्बी	Protectress, Protectrix	= औरत जो मुरब्बी हो

शाइर = कवि। शाइरा = कवीश्वरी। नबी = भविष्यद्वक्ता
नबीय = भविष्यद्वक्त्री

मुज़क्कर		मुअन्नस	
Priest	=पुरोहित	Priest*ess*	=पुरोहितिन
Prince	=शाहज़ादा	Prin*cess*	=शाहज़ादी
Seamster	=दरज़ी	Seamst*ress*	=दरज़िन्
तरक़्क़ीदेना, तरक़्क़ीकरना = To promote
इमतिहान लेना = To examine
नापसंद करना = To dislike.
मरम्मत करना = To repair

जंग = युद्ध । दाइरा = वर्त्तुल, कुंडल, घेरा । बारिश = मेंह ।
रंजावर = दुःखद । मुनहदिम् = जीर्ण । मुज़िर = अपराधी, चतिकर ।
इल्मदोस्त = विद्याभ्यासी । जहांदीदा = बहुदर्शी ।

११४ मज़ीरी जुम्ले

a. My *elder* brother is present = मेरा बड़ा भाई हाज़िर है।

b. Sohan was the *eldest* of the three brothers = तीनों भाइयों में सोहन उमर में सब से बड़ा था या तीनों भाइयों में सोहन सब से बड़ा था।

c. Sohan is *older* than Mohan = सोहन मोहन से उमर में बड़ा है या सोहन की उमर मोहन की उमर से ज़ियादा है।

d. This house is *older* than that = यह घर उस से पुराना है।

e. The *oldest* inhabitant never had such fever = सब से पुराने बाशिंदे को ऐसा बुख़ार कभी नहीं हुआ या सब से बूढ़े बाशिंदे को ऐसा बुख़ार कभी नहीं हुआ।

f. The *oldest* village is Sonárpur = सब से पुराना गांव सोनारपुर है।

g. Tell him to go = उसको जाने को कह दो या उसको कह दो कि जाय।

h. On what day will you go? = तुम किस रोज़ जाओगे।

११५ ऊपर के पहिले ६ जुम्लों में अगर *older* की जगह में *elder*, या *elder* की जगह में *older* कर दें, और इसी तरह से *oldest* की जगह में *eldest*, या *eldest* की जगह में *oldest* करें तो अंगरेज़ी ग़लत हो जायगी। खूब याद रखना चाहिये कि *elder* और *eldest* अक्सर एक ही ख़ानदान के शख़्सों की उमर के वास्ते आते हैं और यह भी याद रखना चाहिये कि *elder* और *eldest* हमेशा किसी noun से पहिले रहते हैं चाहे वह noun ज़ाहिर हो चाहे मतलब से समझा जाता हो। जहां *elder*, *eldest* नहीं ला सकते वहां *older*,

oldest लाते हैं। ये सब बातें ऊपर के पहिले ६ नज़ीरी जुम्लों को खूब देखने से साफ़ मअ़लूम हो जायंगी॥

बीसवीं मश्क़

११६ Do you like early or *late* poets ? I like early poets better than *late* poets. Why are you not very fond of *late* poets ? Because they are difficult. Do you think (*p*) late*r* poets are more difficult than earlier ones(*q*) ? Yes, *the former* wanted to show their learning, and *the latter* wished simply to teach and amuse others in easy language. Read carefully and do not make so many mistakes. Sir, my book is of a late*r* edition, and contains some alterations. How did they behave at a late*r* period ? Very well. Did not the Romans in late*r* times become luxurious? Yes. I will degrade Kallú and Mallú, because *the former* knows nothing of arithmetic, and *the latter* is very deficient in translation. Kindly promote Sohan and Mohan, for *the former* is excellent in every subject, and *the latter* writes good English. What is the late*st* news about the war in France ? The late*st* news is sad. Where does the boy who comes late*st* sit in his class ? The late*st* comer has always the *last* place in the class. Does Mohan expect a prize ? No, he is the *last* boy. Sir, I beg leave for the *last* hour. I want to examine you in translation during the *last* hour, therefore you cannot get leave. I do not like *old* things. You should not dislike all *old* things ; some *old* things are very good. Your parents are very *old* ; do you not like them ? I love and honour them ; they are persons and not things. Why do you wish to sell your watch ? Because it is *old*. My watch is old*er* than yours, yet I like it very well. Are not the chairs in your room old*er* than these ? They are the old*est* chairs in the whole school. I do not see your old*est* servants. They are dead. Why do you not bring your son to school ? I will bring him to school, when he is old*er* ; he is now only six years *old*. He is old*er* than my son, and my son reads in the *last* class. The old*est* boys in this class seem to me to be the worst. Where is your *elder* brother ? He is at home. Is your sister old*er* or younger than you ? She is old*er* than I. How old is your *elder* sister ? She is 25 years *old*. My *eldest* sister is old*er* than your *elder* sister.

(*p*)Think later = think that later. (*q*)Ones, यहां poets के वास्ते है।

The out*er* wall is in a ruinous state. Yes, I must repair it, otherwise it will fall down in the rainy season. I think it will fall down before the rainy season, if you do not repair it soon. I will use my *utmost* power to repair it immediately. Strengthen your *outmost* posts, or else the enemy will easily take them. Our *outmost* stations are safe; they have a broad and deep ditch on the out*er* side. The *outermost* row appears to me to be the prettiest. I think the *innermost* circle is 5 inches from the *outermost*. Let the *next* boy read now. Kindly give me my book. Come to me *next*(*u*) week, then I will give it to you.

क्या(*s*) हाल की बारिश मुज़िर होगी। मेरी दानिस्त में हाल की बारिश कुछ नुक़सान न करेगी। मोहन कहता है कि(*s*) सोहन की बीमारी की हाल की ख़बर अच्छी नहीं है। लेकिन सोहन की(*v*) सब से पिछली ख़बर अच्छी मअ़लूम होती है। मेरी ख़बर तुम्हारी से हाल की है। इस किताब के अख़ीर सफ़्हे में के सतरें हैं। २५ सतरें। क्या(*s*) हर किताब के अख़ीर सफ़्हे में इतनी सतरें होती हैं। नहीं। तुम किस दर्जे में पढ़ते हो। मैं मुब्तदी हूं मैं अख़ीर दर्जे में पढ़ता हूं। आज तुम मद्रसे(*f*) क्यों नहीं गये। आख़िरी सनीचर के बाइस से आज हमको छुट्टी है। रोहन अव्वल इनआ़म पावेगा। अख़ीर इनआ़म कौन पावेगा। मोहन अख़ीर इनआ़म पावेगा। वह अख़ीर घंटे में क्या पढ़ता है। अख़ीर घंटे में वह संस्कृत पढ़ता है। उससे कह दो कि अख़ीर घंटे में तवारीख़ पढ़े(*g*) और अव्वल घंटे में संस्कृत पढ़े। मिहरबानी करके मुझको वह किताब दीजिये। महीने के आख़िरी रोज़(*h*) आओ तो मैं तुमको वह किताब दूंगा (अंगरेज़ी साल के आख़िरी महीने का क्या नाम है। डिसेंबर। इस किताब के सब से पहिले और सब से पिछले छापे के दर्मियान बड़ा(*k*) फ़र्क़ है। सब से पिछला छापा बहुत दुरुस्त है। वह अपने अख़ीर दम तक(*l*) हमदोस्त रहा(*m*)।

(*u*) Next week = in the next week.

(*s*) इसको तर्जुमे में छोड़ दो। (*v*) की = about, of. (*f*) मद्रसे = मद्रसे को। (*g*) नज़ीरी जुम्ला *g* देखो। (*h*) नज़ीरी जुम्ला *h* देखो।

(*k*) बड़ा = a great. (*l*) तक = to. (*m*) रहा = was.

तुम्हारे दोस्त की आख़िरी बातें क्या थीं । मेरे दोस्त की आख़िरी बातें साफ़ न थीं मैं उनको ठीक ठीक नहीं कह सकता । वह इतना मशहूर क्यों है । अपने आख़िरी काम के लिये । यह आदमी कौन है । वह मेरा पुराना दोस्त है । तुम्हारी टोपी बहुत पुरानी है । हां, लेकिन तुम्हारी टोपी और पुरानी है । बूढ़े आदमी चालाक नहीं होते । तुम्हारा(n) कहना ठीक है लेकिन बूढ़े आदमी बहुत जहांदीदा होते हैं। यह सबक़ नया है या पुराना । यह सबक़ पुराना है । तुम उसे बख़ूबी नहीं जानते । मेरी पुरानी धरमघड़ी तुम्हारी नई जेबघड़ी से बिहतर है । क्या(s) सोहन और मोहन को तुम जानते हो । वे मेरे पुराने शागिर्द हैं मैं उनको बख़ूबी जानता हूं । हमें अपने पुरानें दोस्तों को न भूलना चाहिये । हिंद के सर्दार पुराने नौकरों को बरतरफ़ नहीं करते । अपने पुराने कपड़े ग़रीब लोगों को देदो । तुम्हारा घोड़ा बहुत बूढ़ा है । हां, लेकिन अभी वह मज़बूत है । मेरा घोड़ा तुम्हारे घोड़े से बूढ़ा नहीं है । तुम मुझ से उमर में बड़े हो और उसकी उमर तुम्हारे बड़े भाई की उमर से ज़ियादा है । तुम्हारा सब से पुराना नौकर बहुत नेक है । तुम्हारा बड़ा भाई मेरा उस्ताद है । क्या(s) तुम्हारा बड़ा भाई अंगरेज़ी जानता है । नहीं । मेरा सब से बड़ा भाई इस मदर्से में सब से पुराना ओहदेदार है । तुम्हारे बेटों में सब से बड़ा कौन है । सोहन मेरे बेटों में सब से बड़ा है । तुम्हारे नौकरों में सब से पुराना कौन है । कल्लू । अपने पुराने नौकरों पर(r) हमेशा मिहर्बान रहो(t) । तुम्हारे के चचा हैं । मेरे दो चचा हैं । वे क्या जानते हैं । बड़ा(v) चचा संस्कृत जानता है और छोटा(u) अरबी । तुम्हारा बड़ा चचा मेरे बड़े भाई से उमर में बड़ा है । तुम्हारे सब से बड़े भाई की उमर मेरे सब से बड़े चचा की उमर से ज़ियादा है । उस क़िले के गिर्द कितनी दिवालें हैं । ५ । सब से बाहरी दीवाल कितनी ऊंची है । सब से बाहर की

(n)१२ वां सबक़, दफ़ा ७३, नज़ीरी जुमला *d* देखो ।

(s)इसको तरजुमे में छोड़ दो ।

(r)पर = to. (t)रहो = be. (v)बड़ा = the elder. (u)छोटा = the younger.

दीवाल १५ फुट ऊंची है। उसके गिर्द के ख़न्दक़ हैं। २। बाहरी ख़न्दक़ कितना चौड़ा और कितना गहिरा है। बाहिरी ख़न्दक़ ३० फुट चौड़ा और २० फुट गहिरा है। इसी के बाद के दूसरे गांव को जाओ। इसी के बाद के दूसरे साल में मेरा सब से बड़ा बेटा अरबी पढ़ेगा।

इक्कीसवां सबक़

(१)		(२)	
११७ My(*f*)	=मेरा	Mine	=मेरा
Thy	=तेरा	Thine	=तेरा
His	=उसका	His	=उसका
Her	=उसका	Hers	=उसका
Its	=उसका		
Our	=हमारा	Ours	=हमारा
Your	=तुम्हारा	Yours	=तुम्हारा
Their	=उनका	Theirs	=उनका

११८ My, thy वग़ैरह जो (१) में हैं सो इस्म या नाम के साथ आते हैं। mine, thine वग़ैरह जो (२) में हैं सो इस्म या नाम के साथ नहीं आते यअ्नी वे इस्म से पहिले नहीं रहते। his के साथ इस्म रहता है और नहीं भी रहता, its बिना इस्म के अकेला कभी नहीं आता।

इक्कीसवीं लुग़त

११९ निशान, टीका	=Mark.	तअ्लीम	=Education.
पेशानी	=Forehead.	सुहबत	=Society, Company.
गिलहरी, चिखुरी	=Squirrel.	तबीब	=Physician. †
धारी, लकीर	=Stripe.	पालकी	=Pálkí, palanquin.
गिरह, जोड़	=Joint.	ख़ानदान	=Family.
घुटना, ठेउना	=Knee. (नी)	ऐब	=Faults, defects.
इजाज़त, परवानगी	=Permission.	गाड़ी	=Carriage.
गुड़िया	=Doll.	क़ुसूर	=Fault.

(*f*) Primer, ८वां सबक़ देखो। पेशानी=ललाट, भाल।
तबीब=वैद्य। † फ़िज़िशन्।

चिकना = Greasy.

तिसपर भी = Nevertheless. नहीं तो = Otherwise, or else.

चेताना, समझाना	= To warn.	बादहवाई फिरना	= To saunter.
छोड़ना	= To leave.	हिलना	= To stir.
हाज़िर होना	= To attend.	छूना	= To touch.
चलना	= To walk.	बाज़ रखना	= To keep (from)

---

१२० नज़ीरी जुमले

a Stand here so that no one may go in. = यहां खड़े रहो ताकि कोई अन्दर न जावे

b. I do not know what kind of man he is. = मैं नहीं जानता किस किस्म का आदमी वह है

इक्कीसवीं मश्क़

१२१ · Where is *my* book? Why do you take *my* pen? I will not take *your* cap. Do you want *my* umbrella? Yes, it is very hot and I have to go far. With whom is *your* sister? She is with *her* maid. Where is *your* aunt? She is in *her* room. How many boys are there in *your* school? There are about 600 boys in *our* school. Your dog has a white mark on *its* forehead. Look at the squirrel, it has fine stripes on *its* back. These boys never learn *their* lessons. Warn them that if they do not learn *their* lessons, I will punish them. Who are *their* guardians? I do not know them. Where are *your* books? They are with *our* servants. You should always have *your* books with you in *your* class, and not leave them with *your* servants. Do *your* servants do *their* duties well? Yes. A good boy honours *his* parents. A good boy not only honours *his* parents, but he behaves well towards all *his* superiors. Why does *your* teacher not attend now? He cannot walk, for he has a pain in *his* right leg. Every one who had the dengue fever had a bad pain in *his* joints. I have still a little pain in *my* left knee. *Your* slate is very greasy; I cannot write on it; you should clean it well. *Your* teacher is not so good as *mine*. I think *my* teacher is better than *yours*. Is not

my horse bigger than *yours* ? Yes your horse is bigger than *mine.* Are *your* pupils as bright as *ours* ? No. Do you know *your* lesson ? Yes, but Mohan does not know *his* We teach *our* boys from 10 to 3, and they teach *theirs* from 10 to 4. Kindly lend me *your* umbrella for a day. I cannot lend you *mine*, request *your* aunt to lend you *hers*. I know she will not lend me *hers*, so I will not trouble *her*. Whose penknife is this ? It is *mine*. Is this ruler *yours* ? No. it is my sister's. Is it *hers* ? Yes. Where are *their* books ? They have their books with them, but we have *ours* at home. Why are they so slow ; *their* work is lighter than *ours* ? We always have *our* servants with us, why do you not have *yours* with you ? This pen is *yours*. Is it *mine* ? Yes. These pens are *theirs*, give them to them. With whose permission did you go out ? With *yours*. With *mine* ? Yes, *yours*. Your college building is larger than *ours*. It is also finer than *yours*. Is *your* servant as active as *mine ?* He is not so active as *yours*, but he is more obedient than *yours*. Who has the finest horses ? *Mine* are fine, *yours* are finer than *mine*, but Sohan's are the finest of all.

तुम्हारी किताब कहां है। मेरी किताब मेरे भाई के पास है। अगर तुम्हारी किताब तुम्हारे भाई के पास है तो तुम क्योंकर पढ़ोगे। कल मैं अपनी किताब लाऊंगा। तुम्हारे मद्रसे में कितने नक़्शे हैं। हमारे मद्रसे में क़रीब पचास के नक़्शे हैं। मैं तुमको हमेशा वाहहवाई फिरते देखता हूं तुमको अपने दरजे में बैठकर पढ़ना चाहिये। मैं अपनी जगह से कभी न हिलूंगा। यह लड़की क्यों रोती है। जब उसकी गुड़ियां कोई छूता है तब वह रोने लगती है। उसकी मा को चाहियें कि उसकी गुड़ियों को एक संदूक़ में रख दे ताकि † उनको कोई न छूये। ये लड़के ऐसे ख़राब क्यों हैं। क्योंकि उनके मा बाप उनकी तअ़लीम की तरफ़ मुतवज्जिह नहीं हैं। दो शख़्स मेरे पड़ोस में रहते हैं वे अपने बेटों की तअ़लीम की तरफ़ बहुत मुतवज्जिह हैं तिस पर भी उनके बेटे निहायत ख़राब हैं। उन शख़्सों को चाहिये कि अपने बेटों को बुरी सुहबत से बाज़ रक्खें। आज तुम क्यों नहीं लिखते। मेरी उंगली में बड़ा दर्द है इसलिये मैं नहीं लिख सकता। उंगली अपने तबीब को दिखलाओ। मेरा तबीब यहां नहीं है वह अपने बाग़ में रहता है और उसका बाग़ मेरे मकान से दो मील है। अपने भाई की पालकी में जाओ। वह(m) चूहा वहां क्यों बैठा है, वह अपने बिल में क्यों नहीं जाता।

† नज़ीरी जुमला a देखो। (m) वह = that।

जब वह बिल्ली को देखता है तब वह अपने बिल में जाता है नहीं तो वह बाहर रहता है। वह(n) बहुत थोड़ा खाती है। वह(n) अपने दोस्त से ज़ियादा खाती है। यह(w) किसका क़लम है। सोहन(y) का है। तुम्हारा कहां है तुमको दूसरे के क़लम से न लिखना चाहिये। कभी कभी मैं भी सोहन को अपना क़लम आरियतन देता हूं। क्या(s) यह(w) पत्थर की तख़्ती तुम्हारी है या तुम्हारे दोस्त की। मेरी(y) है। तुम्हारे भाई का घर कौन ‡ है। वह घर उसका है और यह(w) मेरा है। उसकी टोपी कहां है। यह(w) उसकी टोपी है लेकिन मेरी यहां नहीं है। तुम्हारी तुम्हारे नौकर के पास है। मिहरबानी करके मुझे अपनी दवात आरियतन दीजिये। तुम्हारी कहां है। मेरी यहां नहीं है। मुझको एक ख़त लिखना है मैं अपनी नहीं दे सकता। क्या(s) यह(w) तुम्हारा छाता है या मेरा। नहीं, तुम्हारा(y) है मेरा मेरी कोठरी में है। इस मुक़द्दमे में तुम्हारी राय उसकी से बहुत मुख़ालिफ़ हैं। मेरा काम कमाना † है और उसका ख़र्च करना(x)। हमारे उस्ताद का बाग़ हमारे से बड़ा है लेकिन इस में इतने दरख़्त नहीं हैं जितने हमारे में हैं। क्या(s) तुम्हारी बहिन का क़लमतराश मेरे से छोटा है या बड़ा। मेरी बहिन का क़लमतराश ठीक तुम्हारा सा है। क्या(s) तुम जानते हो किस(r) क़िस्म का ख़ानदान उनका है। हां। तुम हमेशा मेरे ऐब देखते हो लेकिन(t) उसके कभी नहीं देखते। ये फूल किसके हैं। मेरे(v) हैं। तुम किसका घोड़ा चाहते हो। उसका। उसका यहां नहीं है मेरा ले जाओ। यह(w) अच्छा घर है क्या(s) तुम्हारा(y) है। उसका(y) है मेरा नहीं। तुम्हारा कहां है। मेरा इस जगह से दूर है। क्या(s) यह(w) तुम्हारी छड़ी है। नहीं, उसकी(y) है। मेरी कहां है। तुम्हारी तुम्हारे भाई के पास है। मैं अपनी गाड़ी नहीं देखता। क्या(s)

(n) वह = she. (w) यह = this.

(y) यहां it लाओ। ‡ कौन = which. (s) इसको तर्जुमे में छोड़ दो।

† कमाना = to earn money. (x) ख़र्च करना = to spend money.

(r) नज़ीरी जुमला b देखो। (t) लेकिन उसके = लेकिन तुम उसके।

(v) मेरे = वे मेरे।

वह(x) तुम्हारी है। नहीं, वह(x) मेरी नहीं है वह उसकी है। यह (w) किसका कुसूर है तुम्हारा या मेरा। मेरा।

---

१२२ बाईसवां सबक

a. I will go there *myself* = मैं खुद या मैं आप वहां जाऊंगा

b. Thou wilt go there *thyself* = तू खुद या तू आप वहां जायगा

c. You will go there *yourself* = तुम खुद या तुम आप वहां जाओगे

d. He will go there *himself* = वह खुद या वह आप वहां जायगा

e. She will go there *herself* = वह खुद या वह आप वहां जायगी

f. It will go there *of itself* = वह खुद या वह आप वहां जायगा

g. We will go there *ourselves* = हम खुद या हम आप वहां जायंगे

h. You will go there *yourselves* = { तुम खुद या तुम आप वहां जाओगे

i. They will go there *themselves.* = { वे खुद या वे आप वहां जायंगे

---

१२३ *a.* I will save *myself* = { मैं अपने तईं या मैं अपने को बचाऊंगा

b. Thou wilt save *thyself* = { तू अपने तईं या तू अपने को बचावेगा

c. You will save *yourself* = { तुम अपने तईं या तुम अपने को बचाओगे

d. He will save *himself* = { वह अपने तईं या वह अपने को बचावेगा

e. She will save *herself* = { वह अपने तईं या वह अपने को बचावेगी

f. It will save *itself* = { वह अपने तईं या वह अपने को बचावेगा

g. We will save *ourselves* = { हम अपने तईं या हम अपने को बचावेंगे

(x)वह = that. (w)यह = this.

h. You will save *yourselves* = { तुम अपने तईं या तुम अपने को बचाओगे

i. They will save *themselves* = { वे अपने तईं या वे अपने को बचावेंगे

१२४ Sohan will go there *himself* = { सोहन खुद या सोहन आप वहां जायगा

१२५ *My*,(v) *thy, his, her, its, our, your,* और *their*, इन लफ़्ज़ों के साथ own* भी कभी कभी आता है जैसे I want *my own* book = मैं अपनीही किताब चाहता हूं। *your own* servant came here = तुम्हाराही नौकर यहां आया। *his own* son will come = उसी का बेटा आवेगा॥

---

१२६ बाईसवीं लुग़त

मुआफ़	= Pardon.	दरख़ास्त, अरज़ी	= Petition(l)
जवाब	= Answer(r).	प्रिंसिपल साहिब	= Principal.
इमतिहान	= Examination.	तकलीफ़, मुसीबत	= Difficulty.
धूप की जगह	= Sun.	बाइस, सबब	= Cause.
मौसिम	= Weather(t).	मिज़ाज	= { Temper, disposition.
खेलना, खेल	= Playing, play.	थोड़ी बात	= Trifle.
आमद, पहुंच	= Arrival.	नालिश	= Action, suit.
तक़सीर, गुनाह	= Crime.	वकील	= Pleader.
इक़रार, क़बूल, इक़बाल	= Confession(u).	लता, बेल	= Tendril.
		मदद	= Aid, help.
दादी, आजी	= Grandmother.	उंचाई	= Height.
पयाम, पैग़ाम, संदेसा	= { Message, errand.	सुवाल	= Question.
माद्दा	= Sbuject.	बूटेकारी	= Needle-work

(v) ११७ वीं दफ़ा देखो। * Primar, ८ सबक़ देखो। (r)swer = सर् (t)wea = वे। (u)fession = फ़ेशन्। माद्दा = विषय। (l)tion = शन्।

सिफ़ारिश = Recommendation.

चाल = Conduct, behaviour.

—•••—

ख़ातिरदारी करने वाला, साहिब मुरव्वत = Obliging(v).

मअ़कूल, वाजिब = Reasonable.

बीमार = Sickly

——

शाइस्ता = Quiet.

कमीना = Mean.

ख़ुश = Glad, happy.

झगड़ालू = Quarrelsome.

क़ुसूरवार, मुलज़िम = Guilty (गिल्टी).

हरदिल अ़ज़ीज़ = Popular.

——

फ़ौरन = Directly, immediately.

पस्ती से = Lowly.

मिहनत से, सरगरमी से = Hard.

हक़ीक़त में = Really.

सख़्ती से = Severely.

नाहक़ = Unjustly.

——

नक़ल करना, उतारना = To copy.

लाइक़ करना, क़ाबिल करना = To prepare.

मौक़ूफ़ करना, बंद करना = To cease.

क़बूलना, इक़रार करना, इक़बाल करना = To confess.

जानना सुनना = To learn.

ज़लील करना, ख़फ़ीफ़ करना = To debase.

(w) सुहबत रखना, रिफ़ाक़त करना = To associate

तनदुरुस्त करना, चंगा करना = To heal.

बिहतर करना = To better.

क़ाबू ज़ब्त में करना = To control, to command

नौकर रखना, मुक़र्रर करना = To employ.

क़दर करना = To value.

बरबाद करना = To ruin.

जवाबदिही करना = To defend

गुंडली बनाना, गेंडुरी मारना = To coil.

क़ाइम रखना = To support

लपेटना, लिपटना = To twine.

मिहनत करना = To work.

मुमताज़ करना, नमूद करना = To distinguish.

इ़ज़्ज़त करना = To honour.

(v) ging = जिंग। मअ़कूल = यथान्याय। शाइस्ता = शांत, धीर। हरदिलअ़ज़ीज़ = सर्वप्रिय। ख़फ़ीफ़ करना = हलका करना।
(w) ciate = शिएट्। मुमताज़ करना = उत्कृष्ट करना। नमूद = नामी।

नीचा करना, गिराना = To lower.
कोशिश करना = To exert oneself.
भरोसा करना, भरोसा रखना } = To depend upon.
कूदना = To jump.
हलाक करना = To kill.
ज़लील करना, बेइज़्ज़त करना } = To disgrace.
कामयाब न होना, दर न आना } = To fail.
नुक़सान करना, नुक़सान पहुंचाना } = To injure
बदचलन चलना = { To misbehave.

आगाह करना, नसीहत देना } = To warn.
तजवीज़ करना, राय क़ाइम करना } = To judge

आरियतन् लेना, मंगनी लेना } = To borrow
निकालना = To find out
मनज़ूर करना = To grant.
इलज़ाम देना = To blame
छिपाना = To hide, to conceal
बहलाना = To amuse, to divert
बख़्शिश देना = To reward.
सुधारना = To reform.

लिखा गया = Written.

---

१२७ नज़ीरी जुमले

a. I beg your pardon — मुझको वा मुझे मुआफ़ कीजिये।

b. He will go away as soon as he hears of your dismissal = { ज्योंही वह तुम्हारी मौक़ूफ़ी की खबर सुनेगा त्योंही वह चला जायगा।

c. You lose your temper very soon = { तुम बहुत जल्द दरहम बरहम होते हो या तुम बहुत जल्द ख़फ़ा हो जाते हो

d. He values you highly या He thinks highly of you } = वह तुम्हारी बड़ी क़दर करता है।

e. He thinks highly of himself } = वह अपने को बड़ा समझता है।

ज़लील करना = नीच वा अधम करना। हलाक करना = मार डालना। इलज़ाम देना = दोष देना॥

f.	He thinks lowly of himself	= वह अपने को पस्त या खाकसार समझता है।
g.	I will bring an action against you	= मैं तुम पर नालिश दाइर करूंगा
h.	I will defend myself (in court)	= मैं अपनी जवाबदिही करूंगा।
i.	You will hurt yourself	= तुम अपने को ज़रर पहुचाओगे या तुम अपना नुकसान करोगे या तुमको चोट लगेगी
j.	Work hard	= खूब मिहनत करो।
k.	I will severely punish you	= मैं तुम्हारी सख्त सज़ा करूंगा।
l.	I will get Sohan to write this या I will get this written by Sohan या I will have this written by Sohan	= मैं सोहन से इसको या यह लिखवाऊंगा।
m.	When he goes, I will give it to you	= जब वह जायगा तब मैं तुमको यह दूंगा।
n.	He will be punished	= उसको सज़ा होगी।
o.	Make † a pen for me	= मेरे लिये एक क़लम बनाओ।
p.	Mend † this pen	= यह क़लम दुरुस्त करो।

बाईसवीं मश्क़

१२८ Copy this letter quickly. Sir, shall *I* copy it *myself*? Yes, copy it *yourself*; I shall require it after an hour. Is the letter ready? Sir, it is not yet ready. Mohan is very slow. You should do your duty *yourself*. Sir, I beg your pardon; I am unwell to-day.

† जब क़लम बनाया जाता है तब *make* का इस्तिअ़माल होता है और जब बिगड़ा हुआ क़लम सिर्फ़ दुरुस्त किया जाता है तब *mend* का इस्तिअ़माल होता है।

I always like to do my work *myself*. Your *friend Rohan* does his duty *himself*; he never leaves it to others. When *a man* attends to his duty *himself*, he does it well. This answer does not seem to be right. It is quite right; *you* are wrong *yourselves*. Why does not Sohan lend me his book for four or five days? *He* requires it *himself*, since he has to prepare *himself* for the annual examination. Tell those little boys not to play in the sun; the weather is very hot. *They* will soon cease playing *themselves*; they connot run long in the sun. Your friends require a carriage with a pair of horses for three or four days, shall I write to the young Raja for one? Thank you. *They* will write to him *themselves*, as they know him well. I think the young *Raja* will send you a carriage *himself* as soon as he hears of your friends' arrival, for he is as obliging as his worthy father. Where are your witnesses? Sir, the *man* confesses his crime *himself*. Does *he* confess his crime *himself*? Yes, Sir. Then I will decide the case on *his own* confession. Will his grandmother send me a man with a message about this matter? No, *she* will come to you *herself*. If *she* come to me *herself*, I shall learn everything about the case. Does your inspectress ever examine you in Sanskrit? How can she examine others in a subject which *she* does not know *herself*? Boys, let Kallú take the map of India. Sir, *we* want that map *ourselves* in this hour. Your petition is reasonable, but who will take it to the Principal? *We* will go to him *ourselves* with it. You are in a difficulty now. Yes, and *we ourselves* are the cause of it. Drive away that mouse. *It* will soon enter its hole *of itself*, for I see a cat coming. Do those men ever come to you? No; I cannot debase *myself* by associating with such men. Why do you not learn Sanskrit? I have no one to help me, and I cannot teach *myself*. Certainly Sanskrit is very difficult, and you cannot teach *yourself*; but I think there are many Pandits here, go to some one. You look sickly. Thou lookest worse, heal *thyself*. You wish to better *yourself*, but you do not use the proper means to better *yourself*. When that man is angry, he cannot control *himself*. The great duty of a teacher is always to command *himself*, and if that person loses(*m*) his temper for a trifle, I will not employ him. Sir, Rohan values *himself* highly. Indeed! A good man never thinks highly of *himself*; he always thinks lowly of *himself*. That lady minds no advice; she will bring an action against her daughter-in-law. Then she will ruin *herself*, for court expenses are heavy, and she is not rich. The daughter-in-law will defend *herself* well; her brother is a good pleader. The old lady will hurt *herself* by being so obstinate. Look, how that serpent coils *itself*. How

---

(m) १२७ वीं दफ़ा नज़ीरी जुमला c देखो।

does a tendril support *itself*. A tendril supports *itself* by twining *itself* round another body. The examination is near; we should work hard in order to distinguish *ourselves*. When we do not honour a man really deserving of honour, we lower *ourselves* in the opinion of our friends. We should exert *ourselves*, and not depend wholly upon the aid of others. Boys, if you jump from that height, you will kill *yourselves*. I hope you will not disgrace *yourselves* by failing in the next examination. You should write your exercises in translation *yourselves*; if you get others to write them for you, you will injure *yourselves*. These boys do not behave *themselves*(s) well in the class. Warn them that if they misbehave *themselves*(s) again, I will severely punish them. What other language do they want to read with English? They are little boys, so they cannot judge for *themselves*. Ask their guardians. Where is *your own* book? Why do you look at his? Sit in *your own* class and in *your own* place. Why does he not bring *his own* slate?

कल मैं खुद तुम्हारे(m) पास गया लेकिन तुम घर(n) पर न थे। यह लड़का अच्छा नहीं है। मेरी दानिस्त में वह बहुत शाइस्ता है। आप उसको बखूबी नहीं जानते मैं खुद उसको गलियों में कमीने लड़कों के साथ हर रोज़ खेलते देखता हूं। मेरा बेटा कुछ नहीं जानता आप खुद उसको पढ़ाते हैं या किसी लड़के से कह देते हैं उसको पढ़ाने की। मैं खुद अपने शागिर्दों को पढ़ाता हूं मैं औरों पर भरोसा नहीं रखता। यह सुवाल बहुत मुशकिल है इसका जवाब तुमको खुद निकालना चाहिये। बहुत खूब मैं आप इसका जवाब निकालने की कोशिश करूंगा। क्या(s) आप इस खत को खुद लिखियेगा। हां। तुम्हारा क़लम बहुत अच्छा है तुम्हारे क़लम कौन बनाता है। मैं अपने क़लम आप बनाता हूं। तुम आप जाकर देखो उस कोठरी में कौन है। तुम आप तो(s) इसको समझते नहीं औरों को किस तरह सिखलाओगे। तुम खुद सुस्त हो इसलिये तुम्हारे शागिर्द बहुत ख़राब हैं। वह बहुत बीमार है उसको खुद जाकर देखो। मैं हर हफ्ते उसको जाकर खुद देखता हूं। वह खुद बहुत नेक है इस वास्ते उसकी दानिस्त में सब लोग नेक हैं। वह खुद यहां कभी न आवेगा।

(s) तरजुमे में themselves को छोड़ दो।

(m) Primer, ११वां सबक़। (n) घर पर = at home.

(s) इसको तरजुमे में छोड़ दो।

तुम क्योंकर जानते हो कि वह खुद यहां कभी न आवेगा । मैं ऐसा सोचता हूं । वह औरत खुद झगड़ालू है । जो वह खुद झगड़ालू है तो उसकी अर्ज़ी मैं नहीं मंजूर कर सकता । जब वह यह खुश ख़बर सुनेगी(u) तब वह आप तुमको बख़्शिश देगी । इन लड़कियों को बूटेकारी कौन सिखलाता है । उनकी मा आप उनको सिखलाती है । जो उनकी मा खुद उनको सिखलाती है तो वे उसे जल्द सीख जायं-गी । बेशक । वह बिल्ली मेरे पास(v) से क्यों भागती है उसको मेरे पास लाओ । दो(m) तीन मछली यहां धर दो तो वह आप आवेगी । हम खुद कुसूरवार हैं । जो तुम खुद मुलज़िम हो तो तुम्हारी सज़ा होगी । हम खुद इसको कर सकते हैं हमको तुम्हारी मदद दरकार नहीं है । क्या(s) बग़ैर हमारी मदद के तुम खुद इसको कर सकोगी । हां । तुम आप(t) हमारे साथ क्यों नहीं चलते औरोंको क्यों भेजते हो । तुम खुद कुछ नहीं कर सकते और उसको नाहक़ इलज़ाम देते हो । वे आप मुझको जानते हैं आपकी सिफ़ारिश मुझको दरकार नहीं है । वे आप देर तक ठहरते हैं । मैं बग़ैर अपना नुक़सान किये यह नहीं कर सकता । तुम्हारी सलाह मानने से मैं अपने तईं बरबाद नहीं कर सकता । क्या(s) तू अपने तईं मुझ से छिपाता है । नहीं, मैं अपने को तुम से नहीं छिपा सकता । तुम अपनी गुड़ियों की इतनी आशिक़ हो कि तुम अकसर घंटों तक उन से अपने तईं बहलाया करती हो । वह अपने तईं तुम से मज़बूत समझता है । मैं सोचता हूं कि जब वह यह ख़बर सुनेगा तब वह अपने को हलाक करदेगा । हम अकसर अपनी ही बेवुकूफ़ी से अपने को तकलीफ़ देते हैं । हमको चाहिये कि अपने तईं हरदिल अज़ीज़ करें । अगर तुम सब कोई अपने तईं मुमताज़ करो तो मैं बहुत खुश हूंगा(h) । तुम्हारी चाल अच्छी नहीं है अपने तईं(t) सुधारो नहीं तो मैं तुम्हारी सज़ा करूंगा ।

(u)दफ़ा १२७ नज़ीरी जुमला m देखो । (v)मेरे पास से = from me.

(m)दो तीन = दो या तीन । (s)इसको तरजुमे में छोड़ दो ।

(t)जमा की सूरत लाओ । (h)हूंगा = shall be.

क्या(s) उस छोटे आईने में तुम अपने तईं देख सकते हो। हां, मैं उस में अपने तईं देखता हूं। क्या(s) तुम्हारे दोस्त उस बड़े आईने में अपने तईं देख सकते हैं। उस में वे अपने तईं देख सकते हैं। आपके बेटे किस तरह से अपने तईं बहलाते हैं। वे अच्छी किताबें पढ़ने, अपने दोस्तों को खत लिखने, और अपने साथियों के संग खेलने से अपने तईं बहलाते हैं। क्या(s) तुमने खुद खत(m) लिखा। हां। क्या (s) मैं आप उसे नहीं कर सकता। तुम्हारा भाई खुद उसे बखूबी कर सकता है। अपनी ही किताब लाओ। तुम दूसरे का क़लमतराश क्यों लेते हो। यह मेरा ही क़लमतराश है। यह किसकी दवात है। यह उसीकी दवात है।

१२९

तेईसवां सबक़

Who	=जो	Whose	=जिसका	Whom	=जिसको
Which	=जो	Of which, Whose	=जिसका	Which	=जिसको
What	=जो-सो, जो-वह			That	=जो

१३०	Who	=कौन	Whose	=किसका	Whom	=किसको
	What	=क्या, कौन			Which	=कौन

१३१ ☞ अकसर *of which* चीज़ों के लिये लाते हैं. Who सिर्फ़ इनसान के लिये आता है. *Which* इनसान को छोड़ कर और सब के वास्ते लाते हैं. Who और which इन दोनों के बदले *that* लाते हैं.

१३२ ☞ सुवाल में कौन के साथ जब इस्म या नाम रहता है तब *what* और *which* दोनों का इस्तिअमाल होता है लेकिन इन दोनों में यह फ़र्क़ है कि जब मुऐयन या मअलूम शख्सों जानवरों या चीज़ों में से एक या ज़ियादा की मुराद होती है तब *which* लाते हैं और नहीं तो *what*, जैसे *which* book do you want ?=तुम कौन

(s) इसको तरजुमे में छोड़ दो। (m) खत=a letter.

मुऐयन=निश्चित।

किताब चाहते हो। इस अंगरेज़ी फ़िकरे से यह ग़रज़ है कि मेरे सामने या मेरे ख़याल में जो किताबें हैं उन में से तुम कौन चाहते हो, और *what* book do you want ?=तुम कौन किताब चाहते हो, इस जुमले से यह ज़ाहिर होता है कि जिस तौर या जिस क़िस्म की किताब तुम चाहते हो वह मैं नहीं जानता।

१३३ Each other, One another } = आपस में एक दूसरा. Each other's, One another's } = आपस में एक दूसरे का

१३४ *Each other* दो के लिये और *one another* दो से ज़ियादा के लिये लाना चाहिये लेकिन कभी कभी लोग इसकी तमीज़ नहीं करते॥

---

१३५ तेईसवीं लुग़त

हाज़िरी	=Attendance.	बेहूदागोई	=Nonsense.
क़ाइदा	=Rule.	मुहर	=Seal.
कलेक्टर साहिब	=Collector.	दिल	=Heart.
दफ़तर	=Office.	शक्	=Doubt.
तालिब-इल्म जो अपने मद्रसे के नज़दीक सरकारी मकान में रहे	=Boarder.	ख़याल	=Idea.
		क़ैदख़ाना	=Prison.
		मालिक	=Owner.
		तसवीर	=Picture (पिक्चर)
बोरडरों के रहने का मकान	=Boarding house.	दस्ताना	=Glove.
तारबरक़ी की ख़बर	=Telegram.	दरयाई सफ़र	=Voyage.

गुलाब	=Rose.	ग़रज़	=Object.
तदबीर	=Plan.	हिबा	=Legacy.
शिकारगाह	=Park.	कौआ	=Raven.
चाबुक	=Whip.	मरीज़	=Sick person.
तवारीखदां	=Historian.		

तवारीखदां=इतिहासवेत्ता, इतिहास जानने वाला।

खिलाफ़ दस्तूर, बे-सलीक़ा = Irregular.
होनहार = Promising.
कमयाब, क़लील = Rare.
गुस्ताख़, शोख़ = Insolent.

वाजिब = Proper, reasonable.
सच्चा = Sincere.
नाखुश = Unhappy.
खास् = Principal, chief.
लामअलूम = Unknown.
क़ाबिल् तअरीफ़ = Praise-worthy.

खो से = Habitually.
पीछे = Back.
धीमे, धीमी आवाज़ से = Low.

बिला ज़रूरत = Needlessly, unnecessarily.

लाया = Brought.
इमतिहान लिया = Examined.
नज़र आना = To appear.
सींचना = To water.
गोली से मारा गया = Was shot.
धराना, धारना, चाहना = To owe.
रोज़गार या पेशा करना = To practise.

भरती करना = To admit.
तोड़ा = Broke.
बतलाना, ज़ाहिर करना = To communicate.

ठीक होना = To fit exactly.
गुफ़्तगू करना = To talk.
ज़िक्र करना = To speak.
हिलना = To stir.
मुअज्ज़ज़ जानना = To venerate.
बद दुआ देना = To curse.
हारना = To lose.
जीतना = To win.
क़ाइल करना = To convince.
रफ़ाकर डालना = To clear off.
ज़ाहिर किया = Discovered.
शिकायत करना = To complain.
लटकना = To hang.
[आखें] निकाल लेना = To pick out.
देखा करना = To watch.
उठा रखना, टालना = To put off, to defer.
गाली देना = To abuse.
मुआफ़ करना = To forgive.

मुअज्ज़ज़ जानना = मानना, सम्मान करना।

१२६ नज़ीरी जुम्ले

a. The boy *who* is here is my pupil	= जो लड़का यहां है मेरा शागिर्द है या जो लड़का यहां है वह मेरा शागिर्द है या जो लड़का यहां है सो मेरा शागिर्द है।
b. They strike each other	= वे आपस में एक दूसरे को मारते हैं।
c. Love one another	= आपस में एक दूसरे को प्यार करो।
d. This word occurs five times in this book	= यह लफ्ज़ इस किताब में पांच दफ़ा मिलता है।
e. I mean to go now	= मेरा इरादा अब जाने का है।
f. What is the matter with Sohan ?	= सोहन को क्या हुआ है।
g. Mohan complains of indigestion(इंडिजेश्चन्)	= मोहन को बदहज़मी की शिकायत है।
h. Mohan will be allowed to go home	= मोहन घर जाने पावेगा।
i. I gave that book to this very man	= मैंने वह किताब इसी आदमी को दी।

तेईसवीं मश्क़

१२७ The new boy *who* came yesterday is absent to-day. Where is the man *who* brought this letter ? He went away long ago. Do you know the gentleman *who* examined you ? No. I do not see the boys *who* were here an hour ago. They are all in the library. Sir, I hear boys *whose* attendance is bad will not be allowed to appear in the examination. Yes, *what* you hear is true. How do the boys like this rule ? Boys *who* are idle and habitually irregular do not like it ; but boys *who* are good like it very well. *What* boys leave school before they go up to the entrance class ? Boys *who* are poor, and *who* are dull. The boy *whom* you praise so much is really very promising. The girl *whose* father and mother are both dead lives with her aunt. These men *whom* you beat so cruelly will bring an action against you. The man *whose* brother died yesterday wishes to go home. The young trees *which* are in this garden will die, if we do not water them. The sun, *which*

appears a small circle of fire, is bigger than our earth. Those trees the leaves *of which* are yellow look very pretty. These houses the windows *of which* are large and beautiful are our friend's. I will send all the books (*which*) you see on that table. Show me the toys *which* are in your box. Cats have sharp claws, *which* they sometimes draw back. The horse *which* runs so fast is Mohan's. The dogs *which* watch your house at night are very strong and tall. The tiger *which* once came to Benares by chance was shot by a European gentleman. Is this the same pen *that* you had yesterday ? Yes. I want to examine the best boys *that* are in your school ; kindly let me have a list of their names. If you do not mind *what* I tell you, go out of my room. You cannot judge *what* is right, and *what* is wrong. You should always mind *what* your superiors tell you to do, because *what* they tell you to do is for your own good. We sometimes forget *what* others owe to us, but we never forget *what* we owe to others. *What* you say is quite right. I cannot hear *what* you say, you speak so low. Do *what* is proper. *What* is your name ? My name is Sohan. *What* do you want ? I wish to read in this school. *What* is your guardian ? My father is my guardian ; he is a pleader. In *what* city does he practise ? In this very city. In *what* school did you begin English ? In Jayanarayan's College. In *what* class were you there ? In the second class. Bring a certificate of good conduct from the Principal or the Head Master of that College, then I will admit you. *Who* is that man standing there ? His name is Rohan ; he is a Muharrir in the Collector's office. *Whose* slate is this ? It is mine. *Who* can tell me where my books are ? No one. *Whose* brother can write English well ? Sohan's. *Whose* pupils are very bright ? Very bright boys are rare in these days. *Whom* did you punish yesterday ? An insolent boy. *Which* boy broke this chair ? *Which* of you went out without leave ? Sir, kindly allow me to take two of these books home. *Which* of them do you want ? Sir, these two boys always fight with *each other*, whenever there is no teacher with them. They should not fight with *each other* in this way. Good boys should help *one another*, and never fight. Sir, I hear the boarders of the Bareilly College ask *one another* questions in history and geography, and aid *one another* in mathematics in thir boarding house. They are good boys ; the boarders at other places should do the same. How do two persons *who* live in distant cities communicate their thoughts to *each other* ? By letters and sometimes by telegrams.

जो किताबें तुम्हारे नज़दीक हैं उन्हें मुझको दिखलाओ । जो क़लम तुम्हारे पास कल थे वे कहां हैं । तुम कौन क़लम चाहते हो ये या वे । जो आदमी इन किताबों को लाया वह शख़्स है जिसको मैंने

रुपया(v) अदा किया। जो गुलाब कल मैंने तुमको दिया कहां है। मेरे पास एक टोपी है जो तुमको ठीक होगी। जो ऐसा ख़याल करते हैं भले आदमी हैं। जो तुम कहते हो मैं बख़ूबी नहीं समझता। किसके(t) बाब में तुम गुफ़्तगू किया चाहते हो। सब से उमदा तदबीर जो तुम कर सकते † हो यह है। शिकारगाह में तुमने क्या देखा। जिन लड़कों को मैंने तुम्हारे मकान पर(n) देखा कहां हैं। इन दोनों में से तुम कौन लोगे सेब या नारंगी। जो क़लम अभी(r) यहां था मुझको दो। जिसके बाब में मैंने ज़िक्र किया वह यह है। तुम में से इस को किसने किया। कोई नहीं कह सकता कि(s) कल क्या होगा। क्या(s) जो ख़त तुमने मुझको दिखलाया यह है। जो काग़ज़ मैंने तुमको कल दिया कहां है। यह किसका चाबुक है। तुम्हारे भाई का कौन मकान है। इनआम के लाइक़ कौन है सोहन या मोहन। इस मुक़द्दमे में मैं क्या कर सकता हूं। कौन भाई बीमार है। तुमने मौसिम के बाब में क्या कहा। तुमने किसको रुपया(v) दिया। इन में से तुमको कौन मकान पसंद है। इस सूई को तुम क्या करोगे। तुम किसके साथ घर जाया चाहते हो। बिहतर तवारीख़दां कौन है सोहन या मोहन। इस दर्ज़ी के बाब में तुम्हारी क्या राय है। इस मुआमले में तुम क्या किया चाहते हो। यह(w) किसका काम है तुम्हारा या मेरा। इस काम(g) में तुम्हारी क्या सलाह है। वह मेरे(x) किस काम(h) का होगा। जो ये कहते हैं सब बेहूदागोई है। किताब के किस सफ़हे में वह लफ़्ज़ मिलता है। जो तुम कहते हो वाजिब है। जो लिखो उसे दुरुस्त करो। तुमने उस मुहर का(m) क्या दिया। इस गांव का क्या नाम है। जो शख़्स इस जगह से हिलता है मुझको अपना दुश्मन बनाता है। जो अपने बाप की इज़्ज़त करता है अपने को इज़्ज़त के लाइक़ करता है। जिस आदमी का दिल सच्चा है उसको मैं मुअज़्ज़ज़ जानता हूं। जो तुमको बद्दुआ देते हैं उनको तुम दुआ दो।

(v) रुपया = the money. (t) किसके = what. † कर सकते हो = can adopt. (n) पर = at. (r) अभी = just now. (s) इसको तरजुमे में छोड़ दो। (v) रुपया = money. (w) यह = it. (g) काम = affair. (x) मेरे = to me. (h) काम = use. (m) का = for.

अंदर कौन है और बाहर कौन है। कौन हारता है और कौन जीतता है। क्या(s) जो तुमको तुम्हारी ग़लतियां दिखला देता है उसको तुम चाहते हो। हां। जो तुम्हारा दोस्त है तुम्हारी मदद क्यों नहीं करता। जो मेरा दोस्त था अब मेरा दोस्त नहीं है। ये किसके घोड़े हैं। यह किसका लिखना है। वहां तुम किसको भेजा चाहते हो। तुम में से कौन मुझको इसका क़ाइल कर सकता है। तुम में से किसने उस लड़के को देखा। क्या ख़बर सुनते हो। जो बिला ज़रूरत औरों को तकलीफ़ देता है ख़ुद बड़ी मुसीबत में पड़ता है। जो लड़के अपनी शक रफ़ा नहीं कर डालते इमतिहान में दर नहीं आते। मैं जानता हूं तुमको क्या पसंद है। उसको कौन बीमारी है। इन घोड़ों में सब से तेज़ कौन है। ये किसके ख़याल हैं। तुम किसकी तअरीफ़ करते हो। किसको तुम लिखा चाहते हो। उसने किसको बाब में(t) ज़िक्र किया। जो तुम्हारे साथ रहता है उसके पास मुझको जाना है। जो सब से उमदा गाती है उसके लिये वह किताब है। जो के दुकाने में हैं नाख़ुश हैं। जिनको मैंने कल देखा उस मकान के मालिक हैं जो पेशतर मेरा था। वह मरदुमशरीफ़ कौन है। वह हमारे शहर में सब से मुमताज़ शख़्स है। अमेरिका को किसने ज़ाहिर किया। ये किसकी तसवीरें हैं। तुम जानते हो ये दस्ताने किसके हैं। यह ख़त किसके लिये है। इस मिहरबानी के लिये मुझको किसका शुक्रगुज़ार होना चाहिये। उसने क्या पूछा। तुम्हारा इरादा क्या करने का है। तुमको क्या हुआ है। उसको किस बात(w) की शिकायत है। उसने संदूक किस से खोला। यह कौन लकड़ी है। इसका तुम मुझको क्या सुबूत दे सकते हो। हिंद में कौन सब से बड़े शहर हैं। अपने घोड़ों में से किनको तुम्हारा इरादा बेचने का है। इन लड़कों में से किनकी तुमको ख़ासकर शिकायत करनी है। वह कौन किताब है। इन लड़कों में से कौन सब से मिहनती है। इन किताबों में से तुमको कौन चाहिये। जो शख़्स ख़ुदा को नहीं डरता ख़ुश नहीं हो सकता। जिन शख़्सों के साथ तुम वहां गये वे कौन थे। जो कुरसी खिड़की के सामने है † बहुत ख़ूब-

---

(s) इसको तर्जुमे में छोड़ दो। (t) बाब में = of. (w) किस बात = what.
† है = stands.

सूरत है। बहुत जानवर हैं जो और जानवरों का गोश्त खाते हैं। जो छड़ी इस मेज़ पर थी कहां है। मैं कहां पनाह लूं। तुम उस बड़े दरख़्त के नीचे पनाह लो जिसकी डालें ज़मीन तक(m) लटकती हैं। दरयाई सफ़र जिन से(n) ख़ास ग़रज़ लामअलूम मुल्कों को ज़ाहिर करने की है क़ाबिल तअरीफ़ हैं। जो शख़्स किसी(x) मरीज़ के पास हिबा की उम्मेद से(w) जाता है वह मिस्ल् एक(t) कौए के है जो किसी(x) कमज़ोर भेड़ को सिर्फ़ उसकी आंखें निकाल लेने को देखा करता है। जिस किताब में ख़याल से ज़ियादा लफ़्ज़ रहते हैं वह मिस्ल् एक दरख़्त के है जिस में फल(y) से ज़ियादा पत्तियां रहती हैं। जो तुम ख़ुद कर सकते हो उसे अपने लिये औरों को करने की तकलीफ़ हरगिज़ न दो। जो तुम औरों का धराते हो अदा करो। जो तुम आज कर सकते हो उसे कल पर(l) हरगिज़ न उठा रक्खो। जिन शहरों के बाशिंदों ने सब से पिछली लड़ाई में अपने तईं मुमताज़ किया उन में से यह एक है। लड़कों को आपस में एक दूसरे को गाली देनी न चाहिये। लोग कहते हैं कि वे आपस में एक दूसरे को खाते हैं। उन ने आपस में एक दूसरे के बच्चों को मार डाला। वे आपस में एक दूसरे के साथ ख़ुशी से खेलते हैं। आपस मे एक दूसरे के क़ुसूर मुआफ़ करो।

१३८

चौबीसवां सबक़

To be = होना, रहना.

I am	= मैं हूं	We are	= हम हैं।
Thou art	= तू है	You are	= तुम हो।
He, she, या it is	= वह है	They are	= वे हैं

जमा में you के एवज़ ye कभी २ लाते हैं।

(m) तक = to. (n) से = of. (x) किसी = a. (w) से = in. (t) एक = a. (y) फल = fruit, न कि fruits ; ऐसा मुहावरा है। (l) पर = till.

१३९ I have been	= मैं हुआ हूं	We have been	हम हुए हैं
Thou hast been	= तू हुआ है	You have been	तुम हुए हो
He has been	= वह हुआ है	They have been	वे हुए है
She has been	= वह हुई है	They have been	वे हुई हैं
It has been	= वह हुआ है	They have been	वे हुए हैं

याद रखना चाहिये कि *I, thou, we, you* मुअन्नस के लिये भी आते हैं। *Had* के एवज़ *hath* कभी कभी आता है।

१४० I was	= मैं था	We were	= हम थे
Thou wast	= तू था	You were	= तुम थे
He was	= वह था	They were	= वे थे

He की मानिंद *she* और *it* का भी हाल जानो।

१४१ I had been	= मैं हुआ था	We had been	= हम हुए थे
Thou hadst been	= तू हुआ था	You had been	= तुम हुए थे
He had been	= वह हुआ था	They had been	= वे हुए थे
१४२ I shall be	= मैं होऊंगा या हूंगा	We shall be	= हम होवेंगे, होयंगे, या होंगे
Thou wilt be	= तू होवेगा, होयगा, या होगा	You will be	= तुम होगे
He will be	= वह होवेगा, होयगा, या होगा	They will be	= वे होवेंगे, होयंगे, या होंगे
१४३ I shall have been	= मैं हो चुकूंगा	We shall have been	= हम हो चुकेंगे
Thou wilt have been	= तू हो चुकेगा	You will have been	= तुम हो चुकोगे
He † will have been	= वह हो चुकेगा	They † will have been	= वे हो चुकेंगे
१४४ I may be	= मैं होऊं या हों	We may be	= हम होवें, होयं, या हों

---

† इस सूरत में *if, when, after, until* के साथ *will* के एवज़ *shall* आते हैं। जैसे if, when, after, या until he shall have been.

Thou mayst be = तू होवे, होय, या हो You may be = तुम हो

He may be = वह होवे, होय, या हो They may be = वे होवें, होयं, या हों

May के मानिंद *can* और *must* इस सूरत में लाते हैं। *Thou* के साथ must की सूरत में कुछ तबदील नहीं होती, जैसे, thou must go.

१४५ I might be = मैं होता We might be = हम होते

Thou mightst be = तू होता You might be = तुम होते

He might be = वह होता They might be = वे होते

Might के मानिंद *could, would,* और *should* भी इस सूरत में लाते हैं।

१४६ I may have been = मैं हुआ होऊं We may have been = हम हुए होवें या हुए हों

Thou mayst have been = तू हुआ होवे, या तू हुआ हो You may have been = तुम हुए हो

He may have been = वह हुआ होवे, या वह हुआ हो They may have been = वे हुए होवें, वे हुए होंय, या वे हुए हों

May के तौर से *can* और *must* भी इस सूरत में लाते हैं।

१४७ I might have been = मैं हुआ होता या मैं होता We might have been = हम हुए होते या हम होते

Thou mightst have been = तू हुआ होता या तू होता You might have been = तुम हुए होते या तुम होते

He might have been = वह हुआ होता या वह होता They might have been = वे हुए होते या वे होते

Might के तौर से *could, would,* और *should* भी इस सूरत में लाते हैं

१४८ Let me be = मुझको होने दो Let us be, be we = हमको होने दो या आओ हम हों

Be, be thou, do thou be = तू होवे, होय, या हो Be, be you, do you be = तुम हो

Let him be, be he = वह होवे, होय, या हो Let them be, be they = वे होवें, होयं या हों

१४९	If I be	= अगर मैं होऊं या हों	If we be	= अगर हम होवें, होयं, या हों
	If thou be †	= अगर तू होवे, होय, या हो	If you be	= अगर तुम हो
	If he be	= अगर वह होवे, होय, या हो	If they be	= अगर वे होवें, होयं, या हों
१५०	If I were	= अगर मैं होता	If we were	= अगर हम होते
	If thou wert	= अगर तू होता	If you were	= अगर तुम होते
	If he were	= अगर वह होता	If they were	= अगर वे होते
१५१	If I had been	= अगर मैं हुआ होता या अगर मैं होता	If we had been	= अगर हम हुए होते या अगर हम होते
	If thou hadst been	= अगर तू हुआ होता या अगर तू होता	If you had been	= अगर तुम हुए होते या अगर तुम होते
	If he had been	= अगर वह हुआ होता या अगर वह होता	If they had been	= अगर वे हुए होते या अगर वे होते

१५२ Had(*m*) I been = If I had been = अगर मैं हुआ होता।

१५३ Should(*n*) I be = If I should be या If I shall be = अगर मैं होऊं

१५४ Were(*v*) I = If I were = अगर मैं होता।

१५५ To be = होना। To have been = हो चुकना।

१५६ Being = होता हुआ या होते हुए। Been = हुआ। Having been = होकर या होके।

---

† देखो यहां thou के साथ *art* नहीं लाते।

(m) Thou के साथ *had* के आख़ीर में st लगा देते हैं। *he, we* वग़ैरह के साथ फ़िअ्ल की सूरत में कुछ फ़र्क़ नहीं होता। (n) Thou के साथ *should* में st जोड़ देते हैं। (v) Thou के साथ *were* के एवज़ *wert* लाते हैं। फ़िअ्ल = क्रिया।

१५७ चौबीसवीं लुग़त

अहमक़ = Dunce.
पखवारा, आधा महीना = Fortnight.
दिहक़ानी, गंवार = Clown.
हिज्जे = Spelling.
पियादा, नौकर = Peon.
मिहमान, पाहुन = Guest (गेस्ट).
गुरूब आफ़ताब, शाम = Sunset.
बरआमदा = Veranda.
तबदीली = Transfer.
तनख़ाह = Pay.
तरक़्क़ी, सर्फ़राज़ी = Promotion.

पार साल = Last year.
ग़ुलामी = Slavery, bondage.
एतवार = Sunday.
सोमवार = Monday.
मंगल = Tuesday.
बुध = Wednesday (वेंज़्डे)
बीफे, जुमेरात = Thursday.
सुक्र, जुमआ = Friday.
सनीचर = Saturday.
शफ़ाख़ाना, शिफ़ाख़ाना = Hospital.
हम्जिंस् = Fellow-creature.

आफ़त = Danger.
नाशुकरी = Ingratitude.

बेकल, बेचैन = Restless.
बेलिहाज़, बेतमीज़ = Rude.
साबित क़दम = Steady.
इत्तिफ़ाक़ी = Accidental
हकीम का = Medical.
शुक्रगुज़ार = Grateful, thankful.
बेईमान = Dishonest.
ईमानदार = Honest.
बाक़ाइदा, बराबर हाज़िर = Regular.
उमदा = Handsome.
पस्त, अबतर = Wretched.
आलिम = Learned.
आगाह = Aware.
आसूदाहाल = Happy.
ख़ुदातर्स = Pious.
जाहिल = Ignorant.
पसंदीदा = Agreeable.
तकलीफ़दिह = Troublesome
मोटा (चीज़ के लिये) = Thick.
मोटा (जानदार के लिये) = Fat.
नेकअतवार = Well-behaved
मुहताज = In want.

हिज्जे = अक्षरौटी। साबित क़दम = दृढ़।
इत्तिफ़ाक़ी = अचानक, हठात का।

बिज़ातिहि	= Naturally.	फ़िल्हाल	= At present.
बुलंद आवाज़ से	= Aloud.	और तरह से	= Otherwise.
सिर्फ़	= Simply.	अबतक	= Still.

चूंकि = since.

पैदा करना	= To produce.	उम्मेद करना	= To expect.
हंसना	= To laugh (लाफ़).	पहुंचना	= To arrive.
		पहुंचा	= Arrived.
गुज़राना	= To present.	ज़रूर होगा	= Must be.

१५८ नज़ीरी जुम्ले

a. I shall have been here a month to-morrow = कल मुझको यहां एक महीना हो चुकेगा।

b. He has been long absent = वह बहुत दिनों से ग़ैरहाज़िर रहा है।

c. Being ill he cannot come = बीमार होने से वह आ नहीं सकता।

d. Is Sohan as old as Mohan? = क्या सोहन की उमर उतनी है जितनी मोहन की।

चौबीसवीं मश्क़

१५९ The forehead of this man *is* very large. I hear the foreheads of most men who *are* clever *are* large. Your servant has a large forehead, and he *is* not clever. He *is* not a dunce, he *is* active and intelligent. How *is* your uncle to-day? Thank you, he *was* very † restless yesterday, but he *is* much † better to-day. I *am*, indeed,

बिज़ातिहि = स्वभाव से, प्रकृति से। बुलंद = ऊंचा। फ़िल्हाल = अभी॥
† Positive यअनी पहिले दर्जे के adjective के साथ *very* लाते हैं, और comparative के साथ much.

